# फजीहत के बाद तीसरे दिन दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

## चौथे दिन दो का चालान, तीसरे आरोपी को बचाने में जुटी पुलिस, लखीमपुर कोतवाली सदर पुलिस का कारनामा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला शांतिनगर में रेलवे लाइन किनारे 20 मई को मिले छात्रा के शव के मामले में कोतवाली पुलिस को मुंह की खानी पड़ गई है। पुलिस को तीसरे दिन न सिर्फ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी, बल्कि चौथे दिन आरोपी दो युवकों का चालान भी भेज दिया। हालांकि अभी तीसरे युवक की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं दर्शाई है, जबकि परिजनों का आरोप है कि तीसरा नाबालिग भी पुलिस गिरफ्त में है पर पुलिस उसे बचाने की जुगत में लगी है।

शहर निवासी 15 वर्षीय किशोरी शहर के एक कान्वेंट स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी। उसका शव 20 मई को शांतीनगर के पास रेलवे लाइन करे निकट तालाब के किनारे पड़ा मिला था। हालांकि, पहले दिन पुलिस घटना को महज हादसा मान रही थी। इससे गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर बार-बार तहरीर बदलवाने और हत्या को हादसा बनाने की मंशा रखने का आरोप लगाया था। पुलिस का शुरुआती तर्क था कि परिस्थितियां ट्रेन हादसा बयां कर रही हैं। परिजनों के आरोप बाद पुलिस हरकत में आई तो उसके हत्थे वह सीसीटीवी फुटेज आ गए, जिसमें तीन युवकों के साथ छात्रा जाती दिखाई दे रही थी। परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज में उन लड़कों को पहचान लिया। गुस्साए परिजनों ने दो आरोपी युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंपा था। बाद में पुलिस ने उन दोनों की निशानदेही पर नाबालिग आरोपी को भी दबोच लिया। छात्रा के पिता ने पुलिस पर बार-बार तहरीर बदलवाने का भी आरोप लगाया। साथ ही छात्रा के शव को खुदवाकर पुनः पोस्टमार्टम कराने की भी मांग उठाई। पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर एक नाबालिग व दो युवकों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही पॉक्सो एक्ट भी लगाया और चौथे दिन गुरुवार को दो आरोपियों का चालान भेज दिया।

▸▸ 20 मई को रेलवे लाइन किनारे मिला था छात्रा का शव


सदर कोतवाली में गिरफ्तार दोनों आरोपी।

### मां का आरोप, प्रेमजाल में फंसाकर किया दुष्कर्म

छात्रा की मां का कहना है कि गढ़ी रोड निवासी राधेश्याम ने उसकी पुत्री को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। छात्रा ने यह बात अपनी उसे (मां) को बताई थी। बदनामी के डर के कारण पुलिस से भी कोई शिकायत नहीं की। घटना के दिन उसने पुत्री को बुलाकर अपने दो अन्य दोस्तों से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। पुत्री ने विरोध किया तो राधेश्याम ने उसे अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आहत होकर उसकी पुत्री ने ट्रेन से टकराकर आत्महत्या की। उस समय वहां पर राधेश्याम के साथ उसका दोस्त पवन श्रीवास्तव निवासी बेगम बाग और भंसड़िया निवासी 16 वर्षीय किशोर भी मौजूद था। उसकी बेटी के मौत के जिम्मेदार तीनों आरोपी हैं।

> मृतक छात्रा की मां की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (3), 305, 506 व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रकरण की जांच निरीक्षक अपराध हरिप्रकाश यादव को सौंपी गई है। गिरफ्तार दो युवकों का चालान भेजा गया है।
>
> अंबर सिंह, प्रभारी निरीक्षक-कोतवाली सदर

### पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेगा ब्राह्मण महासभा

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** ब्राह्मण परिवार महासभा के अध्यक्ष अवधेश मिश्रा तमाम पदाधिकारियों के साथ सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक सदर से वार्ता की। साथ ही पीड़ित परिवार से मिले और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने व हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। संगठन के महामंत्री शरद शुक्ला ने कहा कि संगठन पीड़ित परिवार की तन, मन, धन से मदद करेगा। इस दौरान श्याम कुमार तिवारी, अभिजात मिश्रा, प्रभाकर शर्मा, मधुरेश शुक्ला, सुरेंद्र त्रिवेदी, अरुण पांडेय, नरेंद्र अवस्थी, उमेश दीक्षित, विश्व मोहन मिश्रा, रजनीश अवस्थी आदि रहे।


कोतवाली में मौजूद ब्राह्मण परिवार महासभा के लोग।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री से मिले वकील

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** लोक सभा चुनाव का मतदान होने के बाद कार्यकर्ताओं से मिलने आए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी से वकीलों ने मुलाकात कर सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की।

गुरुवार को खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी शहनाई गेस्ट हाउस आए, जहां तहसील के अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव अपने साथियों के साथ पहुंच गए और उन्हें एक पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि चार मई को तहसील में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का कार्यक्रम था। वह अपने तख्त पर बैठे थे। तभी सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर गणेश कुमार अपने कई साथियों के साथ पहुंचे और अधिवक्ता रचित पाठक की मौजूदगी में उन पर जानलेवा हमला कर दिया। वकील मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि डॉ. गणेश कुमार की वह आय से अधिक संपत्ति समेत कई मामलों की शिकायत कर चुके हैं जिससे वह रंजिश मानते हैं। मंत्री टेनी ने कोतवाली के एसएसआई को तलब कर सख्त हिदायत दी है कि वकीलों की भी रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए।

## सार-संक्षेप

### सोलर ट्यूबवेल में नहाते समय डूबने से बालक की मौत

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शारदानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव बड़ेहरा निवासी मोहम्मद अनीस का 12 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अनस गुरुवार को सोलर ट्यूबवेल में नहाते समय डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मोहम्मद अनीस ने बताया कि उनका 12 वर्षीय पुत्र अनस कक्षा आठ का छात्र है। गुरुवार की दोपहर करीब डेढ़ पर स्कूल से लौटा। थोड़ी देर बाद अपने दोस्तों के साथ सोलर ट्यूबवेल में नहाने चला गया। गांव के पास ही मछली पालन के लिए गहरा तालाब खोदा गया है, जिसमें सोलर ट्यूबवेल में नहाते समय गहरे पानी मे चले जाने से डूबकर मौत हो गई। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। सभी का रो रोकर बुरा हाल है।


मोहम्मद अनस (फाइल फोटो)

### समर कैंप में आज से बच्चे पुलिस लाइन में मचाएंगे धमाल

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार से सात दिवसीय समर कैंप पुलिस लाइन में आयोजित होगा। जिसमें बच्चे आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में जमकर धमाल मचाएंगे। वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष एसपी गणेश प्रसाद साहा की पत्नी कोमल साहा व कार्यकारिणी समिति की सदस्य सीओ स्वर्णिमा सिंह शाम 5:30 बजे पुलिस लाइन में स्थित मनोरंजन कक्ष में समर कैंप का शुभारंभ करेंगी। पुलिस परिवार के बच्चे 24 मई से 30 मई तक शाम 5:30 बजे से शाम सात बजे तक समर कैंप में मौज मस्ती कर सकेंगे। समर कैंप में पर्यावरण पर टिग प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, आग से बचाव, डांसिंग व सिंगिंग प्रतियोगिता, एक्टिंग प्रतियोगिता, यातायात नियमों का पालन, चेस प्रतियोगिता, लूडो, कैरम बोर्ड प्रतियोगिता, आपदा प्रबंधन, क्राफटिंग प्रतियोगिता, पेपर क्राफ्ट प्रतियोगिता, खो खो प्रतियोगिता, फुटबॉल, कब्बडी तीरनदाजी समेत अन्य प्रतियोगिताएं अलग-अलग दिनों में आयोजित की जाएंगी।

### पुलिया निर्माण कराने को विधायक को दिया पत्र

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की मोहम्मदी रोड के वाशिंदों ने विधायक और पालिकाध्यक्ष को पत्र देकर जामा मस्जिद के निकट टूटी पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग की है। मोहम्मदी रोड के बाशिंदों ने विधायक अमन गिरि और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू को दिए पत्र में कहा है कि जामा मस्जिद के पास पुलिया टूट जाने से आवागमन में दिक्कते हो रही हैं। जल भराव के कारण बच्चे, बूढ़े, राहगीर परेशान हैं। मोहल्ले वालों ने पुलिया का निर्माण कराकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाया जाने की मांग की है। दोनों जनप्रतिनिधियों को पत्र देते समय सौरभ गुप्ता, हरिश्चंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, महेंद्र पाल और सभासद अनिल गुप्ता, आनंद सोनी, दीपिका सोनी, शहनाज बानों, सूफियान खान आदि मौजूद रहे।

### पत्नी को दे दिया तलाक, उठा ले गया बच्चा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हफीजपुर की एक महिला अपने बेटे को पाने के लिए आठ माह से कोतवाली पुलिस के चक्कर लगा रही है, पर उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। महिला बेटे के बिना परेशान है। नगर के मोहल्ला हफीजपुर निवासी आशिया का कहना है उसके पति अमीरू ने आठ साल पहले उसे तीन तलाक दे दिया था। आशिया का कहना है कि तलाक के बाद भी वह उसके आठ वर्षीय बेटे सलमान को चुपके से उठा ले गया है। महिला का कहना है कि बच्चों के बगैर उसका रहना मुश्किल हो रहा है। उसने दो सितंबर को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पर कोतवाली पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। उसके बाद वह चक्कर लगा लगा कर थक चुकी है। गुरुवार को वह तहरीर लेकर फिर कोतवाली पहुंची, पर उसकी किसी ने नहीं सुनी। महिला ने शीघ्र ही कार्रवाई की मांग की है।

### लोन अदा करने के बहाने फाइनेंस कर्मी ने ठग लिए रुपये

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ट्रैक्टर लोन अदा करने के बहाने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने एक लाख 60 हजार रुपये ठग लिए हैं। न तो ट्रैक्टर का लोन अदा हुआ और न ही उसे रसीद दी गई। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी शिवम कुमार पुत्र विजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने एल एण्ड टी फाइनेंस कंपनी लखीमपुर से लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदा था। परिवार में बीमारी के कारण उसकी किस्तें टूट गईं। इसी बीच ट्रैक्टर का भी एक्सीडेंट हो गया, जिससे शिवम कुमार के पास किस्त अदा करने की स्थिति नहीं रही। इस बीच फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी दिलीप उनके पास पहुंचा और कहा कि एक लाख 70 हजार रुपये जमा कर दो, तो समझौता अंतर्गत लोन अदा हो जाएगा। दिलीप ने कहा कि 10 हजार रुपये टोकन मनी देनी होगी तब लखनऊ से अपूर्वल आने पर एक लाख 60 हजार रुपये दे देना। इस झांसे में आकर शिवम कुमार ने ट्रैक्टर गिरवीं रखकर कर्मचारी को 1.60 लाख रुपये दे दिए। जब रसीद मांगी तो दिलीप ने बताया कि मशीन खराब है। रसीद बाद में मिलेगी तब से अब तक न ही उसे रसीद मिली और न ही ट्रैक्टर का लोन अदा हुआ है। पीड़ित ने अपने साथ हुई जालसाजी में आरोपी पर कार्रवाई करने के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### ग्राम समाज की जमीन पर लगा शीशम का पेड़ कटा

**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचार :** दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बेलरायां वन रेंज की चौकी बथुआ की बीट बथुआ महादेव में मंगलवार की रात चोर ग्राम समाज की जमीन पर लगे शीशम के छह पेड़ चोरी छुपे काट लिए। वहीं तीन पेड़ पड़ोस के जंगल से भी काट कर उठा ले गए हैं। ग्राम प्रधान ने अज्ञात के खिलाफ सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है। उप क्षेत्रीय प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां ने मौके का मुआयना किया है। ग्राम प्रधान पति रुस्तम ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर छह पेड़ शीशम के लगे थे, जिन्हें अज्ञात लोग चोरी से काट ले गए हैं। वहीं जंगल से भी तीन पेड़ों काट कर ले गए हैं। हल्का दरोगा एसआई सतीश चंद्र यादव ने बताया कि प्रधान पति ने तहरीर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। बथुआ बीट वन विभाग के चौकी इंचार्ज जगमोहन मिश्रा ने चोरों का पता लगाया जा रहा है। पता चलते ही वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।


काटे गए शीशम के पड़े की मुढ्ढियां।

### दामाद समेत रिश्तेदारों को ससुरालीजनों ने जमकर पीटा

**संवाददाता, मोहम्मदी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदी सराय निवासी वृद्ध बेवा शाहजहां ने बताया कि उसके पुत्र जाबिर का विवाह गांव के ही अब्दुल पुत्र हिंगन ने अल्लाहगंज निवासी अपने साले नसीम की पुत्री से 19 मई 2024 को कराया था। दूसरे दिन बहू विदा होकर अल्लाहगंज चली गई। 22 मई को जाबिर अपनी पत्नी मारिया को विदा कराने जाने की तैयारी कर रहा था। तभी अब्दुल उसके घर आये और कहा कि अब तुम लोग मेरी खुशामद करो और जैसा मैं कहता हूं वैसा करो तभी तुम्हारी बहू दोबारा विदा होकर आयेगी। इस बात को लेकर दोनों के कहासुनी हो गई। अब्दुल अपने घर वापस लौट गया और फोन कर जाबिर के ससुर को गांव बुला लिया। 22 मई 2024 को दोपहर करीब दो बजे दोपहर अल्लाहगंज से दो गाड़ियो में भर कर 10-12 लोग मोहम्मदी सराय अब्दुल के घर आए। आरोप है कि घर में बुलाकर शाहजहां, जाबिर, गफ्फार, ईसान, नाजिम व साकिर को कमरे में बंदकर जमकर पीटा। जाबिर की जेब में रखे 20 हजार रूपये व मोबाइल भी छीन लिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# पेड़ से लटकता मिला दुष्कर्म पीड़िता का शव

संवाददाता मितौली

▸▸ शौच करने के लिए बुधवार की रात नौ बजे निकली थी युवती

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की मढिया चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़ित युवती का शव संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका देखे जाने से सनसनी फैल गई। वह बुधवार की रात नौ बजे शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतका की मां ने बताया उसकी 18 वर्षीय बेटी बुधवार की रात नौ बजे शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वह जब काफी देर तक वापस घर नहीं आई तो परिजन परेशान हो उठे। उन्होंने परिवार वालों के साथ पुत्री की काफी तलाश की। गुरुवार की सुबह फिर उसकी तलाश में जुट गए। सुबह सात बजे के करीब गांव के दक्षिण पिरई नदी के किनारे परिवार के ही एक व्यक्ति के खेत के किनारे लगे जामुन के पेड़ से पुत्री का शव लटका मिला। परिवार के अन्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस व चौकी प्रभारी मढ़िया बाजार लल्लन भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतका की मां ने बताया कि करीब एक साल पहले गांव के ही एक युवक ने उसकी पुत्री से दुष्कर्म किया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले की गुरुवार को पेशी भी थी। पीड़िता ने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई। इसको लेकर परिवार के लोग कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दोस्तों ने पहले करवाई चोरी, फिर किया ब्लैकमेल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में दोस्तों द्वारा युवक को ब्लैकमेल कर सोने और चांदी के आभूषण बेच दिए हैं। तहरीर पुलिस को दी गई है।

नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी दीपक रस्तोगी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका भतीजा विभु रस्तोगी से उसके दोस्तों ने पहले चोरी करवाई और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगे। जिससे उसकी तबीयत खराब रहने लगी। घटना की जानकारी भतीजे के मोबाइल पर मैसेज देखकर उन्हें हुई। जानकारी होने पर दीपक उसके दोस्तों से मिला, जिन्होंने लगभग 10 ग्राम सोना वापस कर दिया और बताया कि लगभग 11 ग्राम सोना और 350 ग्राम चांदी उन्होंने एक सोनार के यहां बेंच दिया है। दीपक रस्तोगी ने बताया कि उसके घर से पांच सोने के पैंडल, चार अंगूठी, एक हार और एक जोड़ी झाला गायब है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# संदिग्ध हालात में चली गोली व्यापारी के सीने में जा धंसी

संवाददाता, खीरी टाउन

▸▸ घायल व्यापारी की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**अमृत विचारः** थाना खीरी के गांव बेबहा में गुरुवार की सुबह घर के अंदर अचानक चली गोली व्यापारी के सीने में जा धंसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत परिवार के लोग भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस छानबीन कर रही है।

थाना खीरी के गांव अमृतागंज निवासी अशोक कुमार वर्मा सरिया सीमेंट के व्यापारी हैं। वह अपने मकान में ही निचले तल पर कारोबार करते हैं और पत्नी व दो बच्चों के साथ दूसरी मंजिल पर रहते हैं। गुरुवार की सुबह करीब सात बजे अशोक कुमार वर्मा अपने कमरे में थे। इसी बीच गोली चलने की आवाज आई। पत्नी व बच्चे जब कमरे में पहुंचे तो वह खून से लथपथ पड़े तड़प रहे थे। गोली उनके सीने में लगी थी। उधर गोली चलने और चीख पुकार सुनकर तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल को आनन-फानन में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया।

सूचना पर कार्यवाहक एसओ लल्ला गोस्वामी फोर्स के साथ जब मौके पर पहुंचे तो मकान में ताला पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि पत्नी व बच्चे घायल अशोक कुमार वर्मा को लेकर अस्पताल गए हुए हैं। इस पर पुलिस बैरंग वापस लौटी और जिला अस्पताल पहुंची। जहां मौजूद उनकी पत्नी व बच्चों से घटना के बाबत पूछताछ की, लेकिन वह लोग भी कुछ साफ तौर पर नहीं बता पा रहे हैं कि गोली कैसे और किस असलहे से चली।

कार्यवाहक थानाध्यक्ष लल्ला गोस्वामी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुद गोली मार कर आत्महत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। अशोक कुमार वर्मा के पास एक राइफल व एक लाइसेंसी बंदूक है। दोनों असलहे लोकसभा चुनाव के कारण दुकानों पर जमा है। आशंका जताई जा रही है कि तमंचे से खुद को गोली मारी है। पत्नी और बच्चे भी घटना के बारे में कुछ साफतौर पर नहीं बता पा रहे हैं। मकान का ताला बंद होने के कारण घटना में प्रयुक्त असलहा भी पुलिस को अभी नहीं मिल सका है।

# बड़े पैमाने पर हो रहा मिट्टी का खनन

**संपूर्णानगर, अमृत विचारः** संपूर्णानगर थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफिया जेसीबी व रैपर मशीनों से धरती का सीना चीर रहे हैं। इसे रोक पाने में स्थानीय प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

तहसील क्षेत्र में बिना अनुमति के मिट्टी खनन जोरों पर हैं। सम्पूर्णानगर के कुछ माफिया चार से आठ फुट गहरी मिट्टी उठा रहे हैं। थाना क्षेत्र के मझरा पश्चिम, मुरारखेड़ा, कमलापूर सहित अन्य कई गांवों के कृषि योग्य उपजाऊ भूमि में रैपर व जेसीबी मशीनों से रातों-रात खेतों का खुदान किया जा रहा है। अवैध खनन रोकने के नाम पर पलिया तहसील एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी अनदेखा करने में लगे है। खनन करने वाले बेखौफ होकर रोजाना जेसीबी व रैपर मशीनों से सैकड़ों ट्रालियां मिट्टी निकाल क्षेत्र के गावों में भेजे रहे हैं। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्वोत्तर रेलवे यूनियन की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, मैलानी।

**अमृत विचारः** एनई रेलवे मजदूर यूनियन मैलानी शाखा की कार्यकारिणी की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा कर उनका निदान कराने के लिए हुंकार भरी है।

एनई रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री कामरेड केएल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंडल मंत्री आरएन गर्ग, संयुक्त महामंत्री ओंकार सिंह ने मैलानी रेलवे विभागों में जाकर कर्मचारियों से संपर्क किया। पलिया कला एवं भीरा रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। जिनके समाधान के लिए तुरंत संबंधित अधिकारियों से बात कर अधिकारियों ने समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। मुख्य कार्य मैलानी रेलवे हॉस्पिटल में आठ महीने से कोई डॉक्टर की स्थायी पोस्टिंग नहीं है, जिसके लिए महामंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोरखपुर एवं सीएमएस लखनऊ से बात कर जून के प्रथम सप्ताह तक डॉक्टर की स्थायी पोस्टिंग करने की बात कही। भीरा रेलवे आवास में पानी, मैलानी रेलवे आवास, पलिया कला में रेलवे आवास की समस्या के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। महामंत्री ने बताया कि ट्रैकमानों को गर्मी के दिनों में दो लीटर पानी बोतल दिया जाएगा। जिसका वितरण इसी महीने से शुरू हो जाएगा। मैलानी में पॉइंट्स मैन से गार्ड का बक्सा लोडिंग अनलोडिंग कराया जाता है इसे बंद करने के लिए संबंधित अधिकारी से बात की। कैरिज में वाटर कूलर खराब है उसे तत्काल ठीक करने, चूप ऑफिस मैलानी में पानी पीने की व्यवस्था नहीं है यहां पर जल्द से जल्द वाटर कूलर और आरओ लगाने, मैलानी रेलवे स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा आदि तुरंत ठीक कराने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष तेजप्रकाश सिंह, धनेश कुमार ठाकुर, रामेंद्र, भानुप्रताप सिंह, संजय मालवीय, अनिल कुमार, शिवबालक, आबाद खान, विजेंद्र सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


मैलानी जंक्शन पर अपनी मांगों के लिए हुंकार भरते यूनियन पदाधिकारी।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजनाः 31 जुलाई तक आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इसमें 18 साल तक के छात्र छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसके लिए वही छात्र छात्राएं और युवा पात्र होंगे, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए बहादुरी का कोई असाधारण काम किया है। इसमें चयनित छात्रों को राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार ऐसे बहादुर और युवा बच्चों को दिये जाते हैं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी का कार्य किया हो। ऐसे बच्चों को हर साल राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। इसके लिए चयनित छात्रों को एक पदक, एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र के साथ प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। इसका चयन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता में गठित चयन समिति करती है। चयनित छात्रों के नामों की घोषणा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर होगी और राष्ट्रपति इनको जनवरी-2025 में नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में पुरस्कृत करेगीं।

■ आवेदन का पोर्टल- awards.gov.in ■ अंतिम तिथि- 31 जुलाई, 2024 ■ यहां से होगी जानकारी- awards.gov.in



> माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से सभी डीआईओएस को पत्र जारी कर पात्रता परिधि में आने वाले बच्चों के अधिक से अधिक आवेदन कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। वहीं सभी बोर्ड के माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य बच्चों को चिंहित कर निर्धारित पोर्टल पर आवेदन अवश्य करा दें। -डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल, विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल

# मैडम ने दी परमिशन, तो जल्द लगेगी सीटी स्कैन मशीन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ जिला अस्पताल में 19 जनवरी से बंद है सीटी स्कैन की सेवा

▸▸ पिछले चार माह से मरीज प्राइवेट में जांच कराकर जेब कर रहे ढीली

**अमृत विचारः** यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो एकाध माह में मरीजों को एक बार फिर से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की निःशुल्क सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिए बृहस्पतिवार को संबंधित फर्म की ओर से एमसीएच विंग में जगह का सर्वे कराया गया है। मशीन लगने की अनुमति मिलते ही एक बार फिर से जिलेवासियों को जिला अस्पताल में ही निःशुल्क सीटी स्कैन की सेवा मिलनी शुरू हो जाएगी।

जिला अस्पताल में साल 2017 से सीटी स्कैन की जांच सुविधा शुरू हुई थी। इसके बाद रोजाना 18 से 20 मरीजों का प्रतिदिन निःशुल्क सीटी स्कैन होता था। मगर, मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल का निर्माण शुरू होने से इस पर संकट के बादल मंडराने लगे और 19 जनवरी को सीटी स्कैन की सुविधा पूरी तरह से बंद हो गई। इसके बाद से मरीज अब तक निजी सेंटरों पर जांच कराने के लिए विवश है। हालांकि जिला अस्पताल में एक बार फिर से मरीजों को निःशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा मिलने की उम्मीद जगने लगी है। बृहस्पतिवार को सीटी स्कैन मशीन लगाने के लिए कार्यदायी संस्था के लोग जिला अस्पताल पहुंचे और वहां पर एक्सरे कक्ष के पास मशीन के लिए पर्याप्त जगह का चयन भी कर लिया है। अब इसमें एमसीएच विंग एवं महिला अस्पताल की प्रभारी की परमीशन मिलने का इंतजार है। सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा की अनुमति मिलने के बाद अगले माह से सीटी स्कैन मशीन लगाने की कवायद शुरू हो जाएगी। बता दें कि जिला अस्पताल परिसर में साल 2017 में सीटी स्कैन मशीन लगने के बाद से 19 जनवरी 2024 तक करीब 26 हजार मरीजों की जांच हुई है।


पुराने जिला अस्पताल परिसर में लगी सीटी स्कैन मशीन की फाइल फोटो।

**निजी सेंटरों पर सीटी स्कैन का शुल्क**
पेट का सीटी स्कैन- 7500 से 8000
सिर का सीटी स्कैन- 3000 से 3500
चेस्ट का सीटी स्कैन -5000 से 5500

> जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन लगनी है। इसके लिए बृहस्पतिवर को एक लोग आए थे। उन्होंने एक्सरे कक्ष के पास जगह भी देखकर उसे सही बताया। हालांकि एमसीएच विंग की प्रभारी महिला अस्पताल की सीएमएस है। इसलिए परमीशन के लिए संबंधित व्यक्ति को उन्हीं के पास भेज दिया था।
>
> -डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल

> सीटी स्कैन मशीन एमसीएच विंग में लगनी है। इसके सर्वे के लिए एक व्यक्ति आया था, जिसने मशीन के लिए जगह देखी है। संबंधित व्यक्ति ने अनुमति आदि के बारे में कोई बात नहीं की है।
>
> -डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, सीएमएस- महिला।

# सड़क पर खड़ी होती हैं रोडवेज की बसें

संवाददाता पलिया कलां

**अमृत विचारः** नगर में रोडवेज बस अड्डे की काफी समय से की जा रही मांग हाशिए पर पड़ी रहने के कारण यहां आने वाली सभी रोडवेज बसें पलिया पुलिस चौकी के निकट सड़क पर ही खड़ी होती हैं। इससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां पर यात्री सुविधाओं का भारी अभाव है। उनके बैठने के लिए पर्याप्त स्थान है न ही बेंच, कुर्सियां और पीने के लिए शुद्ध पानी की कोई व्यवस्था है।

पलिया से दिल्ली, मथुरा, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, बरेली, शाहजहांपुर एवं गोला आदि जगहों को दिन भर में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की यात्री बसें संचालित हो रही हैं, लेकिन इन बसों के इंतजार में यहां घंटों समय बिताने वाले यात्रियों के लिए परिवहन निगम की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पर्याप्त सैड और बैठने की कोई समुचित व्यवस्था न होने से यात्री इधर-उधर भटकते रहते हैं। दुकानदारों की चार उल्टी सीधी बातें सुनकर किसी तरह उनकी दुकानों के सामने बैठकर अपना समय व्यतीत करते रहते हैं। बस अड्डे पर रोडवेज बसों का इंतजार करते कई यात्रियों ने बताया कि यहां न तो साफ सुथरी कोई बैठने की ही सुविधा है और न शुद्ध पानी पीने की। बस अड्डे से कुछ दूर जो इधर-उधर नल लगे हुए भी हैं, गंदगी की वजह से पानी पीने का मन ही नहीं करता।


पलिया पुलिस चौकी के निकट सड़क पर खड़ी रोडवेज बस।

▸▸ बस खड़ी होने से सड़क पर लगता जाम, यात्रियों के लिए सुविधाएं नहीं

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### बड़े मंगल पर सुंदरकांड पाठ और भंडारा 28 को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगलवार को विधायक अमन गिरि द्वारा लक्ष्मणजती मंदिर पर 28 मई को सुबह आठ बजे से सुंदरकांड पाठ कराया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा। विधायक अमन गिरि ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### साइबर कैफे पर आरपीएफ का छापा

**धौरहरा, अमृत विचार :** धौरहरा तहसील गेट के सामने स्थित एक साइबर कैफे पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने छापा मारा। मामला ई-टिकट की कालाबाजारी की शिकायत का बताया जा रहा है। आरपीएफ टीम साइबर कैफे के दस्तावेज काफी देर तक खंगालती रही। इसकी भनक लगते ही कस्बे के सभी साइबर कैफे संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गए। बताते हैं कि कस्बे के एक साइबर संचालक रेलवे ई-टिकट को दूसरों की आईडी पर ई टिकट बुकिंग करके कालाबाजारी करता था।

### नशीले पाउडर समेत एक युवक गिरफ्तार

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस ने बसही से नेपाल जाने वाले मार्ग पर अंकित कनौजिया उर्फ टोनी निवासी बसही को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 127 ग्राम नशीला पाउडर अल्प्राजोलम बरामद होने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नशीला पदार्थ लेकर नेपाल जाने की फिराक में था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

### रंजिश में मारपीट कर महिला को किया घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया पासी में एक महिला ने रंजिश में चार आरोपियों पर मारपीट कर चोटिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव निवासी पूनम पत्नी पवनेश धोबी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी कि इतने में गांव के ही महेन्द्र व रवेन्द्र पुत्र माधव, सतेंद्र पुत्र महेन्द्र व नरेन्द्र पुत्र बलराज आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर उसे मारने पीटने लगे। उसे बचाने आए उसके पति पवनेश को भी मारा पीटा।

# घरों में मलेरिया, कालाजार डेंगू के मिले संदिग्ध मरीज

## स्वास्थ्य विभाग करवा रहा इन सभी की कन्फर्म जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



घरों में जाकर बुखार रोगियों के लक्षणों की जानकारी करते स्वास्थ्य कर्मी।

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। पिछले माह में मच्छरजिनत बीमारियों के कुल 362 संदिग्ध मिले हैं। स्वास्थ्य टीमों ने घर घर जाकर इनके बारे में पता लगाया है। हालांकि इनकी पहचान लक्षणों के आधार पर हुई है। मलेरिया विभाग अब इनकी कंफर्म जांच कराएगा, जिससे वास्तविक मरीजों के बारे में जानकारी कर उन्हें उचित इलाज मुहैया कराया जा सके। बता दें कि जनवरी से लेकर अब तक जिले में डेंगू के चार और मलेरिया के 26 मरीज मिल चुके हैं। इन सबका अब ठीक होना बताया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने घर घर जाकर लक्षणों के आधार पर पड़ताल की। इस दौरान सीएचसी फरधान, पलिया

» इस साल अब तक डेंगू के चार व मलेरिया के मिले 26 मरीज

और बेहजम में मलेरिया से लेकर डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया एवं कालाजार का एक भी संदिग्ध नहीं मिला। जबकि अन्य सीएचसी में इनके संदिग्धों की भरमार रही। हालांकि इस दौरान सबसे ज्यादा संदिग्ध सीएचसी फूलबेहड़ क्षेत्र के अलावा नगर क्षेत्र में मिले हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की पड़ताल में 362 मामले सामने से स्वास्थ्य विभाग सकते में हैं। हालांकि संदिग्ध होने को लेकर राहत भी है। मलेरिया विभाग के लोगों ने बताया कि पड़ताल करने के लिए आशा आदि वर्कर गई थी। इन लोगों ने लक्षण के आधार पर मरीजों को मच्छरजनित बीमारियों का रोगी माना है। मगर, रोग की पुष्टि कंफर्म जांच के बाद ही हो सकेगी।

**जिले में कुल संदिग्ध मरीज**

| | |
|---|---|
| मलेरिया | 44 |
| डेंगू | 148 |
| चिकनगुनिया | 148 |
| फाइलेरिया | 12 |
| कालाजार | 10 |

# चौकी इंचार्ज ने गाली देकर पीड़ितों को चौकी से भगाया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

» दो पक्षों की मारपीट में घायल बेटी को लेकर परिजन पहुंचे थे चौकी
» एक पक्ष द्वारा हमले से युवती की आंख पर हुआ गहरा जख्म

**अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज में बकरी का मेमना पड़ोस के घर में जाने पर बवाल हो गया। दो पक्षों में चले लाठी-डंडे में एक युवती गम्भीर घायल होने से उसकी आंख में गहरा जख्म हो गया है। जब पीड़ित परिवार रात में बांकेगंज पुलिस चौकी पर पहुंचा तो दरोगा ने अपशब्द कहते हुए चौकी से भगा दिया। पीड़ित ने मैलानी थाने पहुंच थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है।

बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी प्रमिला देवी पत्नी अजय कुमार गुरूवार को बांकेगंज सीएचसी अपनी बेटी का मेडिकल कराने आयी हुई थी। इस दौरान उन्होंने बताया कि बुधवार की रात उनके पड़ोस के ही रहने वाले कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में उनकी बेटी जस्सी की आंख में गहरा जख्म हो गया है। बताया कि उनके यहां बकरी पली हुई हैं और बकरी का एक मेमना उनके घर चला गया, तो उन्होंने मार दिया। इस बात की शिकायत करने बेटी उनके घर गयी थी। इसी को लेकर हुए विवाद में उन्होंने प्रमिला देवी की पुत्री जस्सी को मारा पीटा, जिससे उसकी आंख में चोट लग गई और वह बेहोश हो गयी। हमलावर पुलिस चौकी पर पहले पहुंच कर मामले को दबवा दिया। जब पीड़ित चौकी पर अपनी फरियाद लेकर पहुंचे तो दरोगा और एक सिपाही ने अपशब्द कहते हुए उन्हें भगा दिया। इसके बाद वह लोग मैलानी थाने पहुंचे, तब वहां से मेडिकल के लिए भेजा गया है। इसके पहले भी मैलानी थाना क्षेत्र की बांकेगंज पुलिस चौकी पिछले कई माह से चौकी इंचार्ज की कार्यशैली के चलते सुर्खियों में रही है।

> पुराने मामलों की जांच गोला क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है। अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। जांचोपरांत दोषी पाए जाने पर चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
> –नेपाल सिंह एएसपी (पश्चिमी)

## सार-संक्षेप

### बैंक अधिकारी पर धोखाधड़ी कर रुपये निकालने का आरोप



शिकायत लेकर थाने पहुंचीं समूह की महिलाएं। अमृत विचार

**संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित समूहों के खाते से धोखाधड़ी करके रुपये निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है। समूह की पीड़ित महिलाओं ने बैंक अधिकारी व समूह की एक सदस्य पर धोखाधड़ी करने रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र थाना ईसानगर पुलिस को दिया है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला दुबेपुरा मजरा कबिरहा गांव में संचालित भारत माता स्वयं सहायता समूह का है। इस समूह की सदस्य महिला रेखा, शांती, श्यामा देवी, सुषमा, सुनीता, मीना, ने बताया कि समूह का खाता इंडियन बैंक की शाखा ईसानगर में है। समूह की एक सदस्य ने अपने सहयोगी की मदद से बैंक में सांठ गांठ कर ली और धोखाधड़ी कर 92 हजार 500 सौ रुपये निकाल लिए। निकाले गए रुपयों की जानकारी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को भी नहीं दी गई। समूह की 9 महिलाओं ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष देवेंद्र ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। उपनिरीक्षक को जांच के लिए दिया गया है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### बुद्ध पूर्णिमा पर बिजुआ में व्यापारियों ने कराया भंडारा



बिजुआ में भंडारे का प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता, बिजुआ। अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को विकास खंड बिजुआ में बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों ने विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही बिजुआ चमन चौराहे पर व्यापारियों द्वारा पूर्व प्रधान स्वर्गीय प्रेम सिंह के भवन पर खीर के भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। भंडारे में स्थानीय लोगों के अलावा आने जाने वाले राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही विकास खंड क्षेत्र के लगभग मंदिरों में बृहस्पतिवार की सुबह से ही भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने विभिन्न चौराहों पर जगह जगह भंडारे का प्रसाद वितरण कर पुण्य कमाया। इस तिथि पर जल और वातावरण में विशेष ऊर्जा आ जाती है। भंडारे के व्यवस्था में रामसरन सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, कपीश दीक्षित, रावेंद्र राठौर, आरके सिंह, विनोद कुमार मौर्या, शिवकुमार गौतम आदि श्रद्धालु लगे रहे।

### मारपीट की दो घटनाओं में चार महिलाओं सहित छह घायल

**संवाददाता, उचौलिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में मारपीट की दो घटनाओं में चार महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने प्रत्येक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज की है। पहली घटना थाना क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर आह्लाद में हुई। गांव निवासी विजय पाल की पत्नी प्रेमवती का आरोप है कि गांव के मिथिलेश ने उसके खेत का पानी रोककर अपना खेत भरने लगा। विरोध करने पर घर आया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे वह चोटिल हो गई। उधर, मिथिलेश की पत्नी रामा देवी ने आरोप लगाया है कि खेत में पानी को लेकर हुए विवाद में रोहित व अंकुल पुत्र संजय और पूजा व ज्योति पुत्री संजय ने उसे मारा पीटा। उसे बचाने आए उसके पति मिथिलेश को भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने प्रेमवती और रामा देवी की तहरीर पर दोनों पक्षों के आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरी घटना, थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर में हुई। सोनू पुत्र रोशन लाल पासी का गांव के यासीन खां उर्फ गुड्डू से जमीन को लेकर विवाद हो गया। सोनू ने बताया कि यासीन खां उर्फ गुड्डू, उसकी पत्नी छब्बो और पुत्री जैनम ने उसकी जमीन कब्जाने को लेकर विवाद किया और गाली गलौज करते हुए उसे लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे उसके सिर में चोट आई है। उधर, यासीन खां की पुत्री जैनम का कहना है कि रोशन लाल और उसके पुत्र सोनू व धनंजय अपनी लैट्रिन का पाइप उसकी तरफ निकाल रहे थे जिसका विरोध करने पर तीनों ने उसे व उसकी माता छब्बो को मारपीट कर घायल किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। सभी घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी पसगवां में कराया गया है।

### खेल-खेल में बच्चों की पिटाई की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बच्चों के खेल में विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी राजीव अवस्थी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनका पुत्र बाहुल्य अवस्थी और रिश्तेदार का पुत्र रौनक तिवारी बजाज चीनी मिल कॉलोनी के एम ब्लॉक परिसर में रोज क्रिकेट खेलते थे। खेल के दौरान साथी खिलाड़ी अविरल यादव से दोनों का झगड़ा हो गया। अविरल यादव की शिकायत करने पर उसके पिता इंद्रपाल यादव और प्रतिभा यादव ने क्रिकेट के स्टंम्प निकालकर दोनों की पिटाई कर दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में पांच घायल, तीन रेफर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। नगर की मिल कालोनी निवासी सरिता जायसवाल (32) पत्नी ज्ञानचंद जायसवाल, मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी शिवम (22) पुत्र राजू, खुटार रोड निवासी आयुष (23) पुत्र अमित दीक्षित, अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी धीरेन्द्र सिंह (23), हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छिछौना निवासी चेतराम (55) सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया।

# सीएमएस ने शुरू की मिशन इन्ट्रैक्ट-नॉलेज इज पॉवर मुहिम




प्लाई प्रोडक्ट हाउस में जानकारी हासिल करते विद्यार्थी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को मिशन इन्ट्रैक्ट-नॉलेज इज पॉवर के तहत बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कराया। छात्रों ने मुरली प्लाई प्रोडक्ट हाउस महेवागंज जाकर प्लाई निर्माण के बारे में जानकारी की। प्रोडक्ट हाउस के सोहराब अली अंसारी ने छात्रों एवं शिक्षकों को प्लाई बोर्ड का निर्माण करने में रोलर, बॉइलर, प्रेशर मशीन आदि का कहां पर क्या उपयोग है, के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीएमएस के प्रबंधक विशाल सेठ ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में व्यवहारिक व सामाजिक ज्ञान के साथ उनमें बौद्धिक स्तर और वार्ता कौशल में वृद्धि करना है। यह एक छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। शिक्षक अनिल गौतम, विकास सक्सेना, रवि वर्मा, आशीष गुप्ता व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# दो घरों से लाखों की नकदी-जेवर पार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



श्यामकन्हैया कालोनी में चोरों द्वारा तोड़ी गई सेफ।

**अमृत विचार:** एक ही रात में चोरों ने अलग-अलग मोहल्लों में दो घरों को निशाना बनाकर एक लाख 85 हजार रुपए की नगदी समेत 13 लाख के जेवर चुरा लिए हैं। सूचना देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर मौका मुआयना तक नहीं किया है। ताबड़तोड़ हो रही चोरी, छिनौती, और लूट की वारदातों से नगरवासियों में भय है।

बुधवार की रात चोरों ने नगर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना ईदगाह निवासी जुबेर खान पुत्र मुजफ्फर खान के मकान को निशाना बनाया। बंद मकान के ताले तोड़ अंदर सेफ में रखे एक लाख 80 हजार रुपए नगद, सोने की झुमकी, हार, मांग टीका, अंगूठी, कंगन, नाक के फूल समेत लगभग 14 तोला सोने के जेवर और आधा किलो चांदी के जेवर पार कर ले गए। जुबेर के अनुसार जिसकी कीमत सात लाख से ऊपर बताई जा रही है। तहरीर पुलिस को दी गई है।

दूसरी घटना श्याम कन्हैया कॉलोनी में हुई। यहां के निवासी विकास वर्मा अपने परिवार सहित पैतृक गांव हैदराबाद गए थे। जब वह गुरुवार की सुबह वापस पहुंचे तो घर का ताला टूटा देख परेशान हो गए। अंदर जाकर देखा सेफ और बक्सा टूटा था। विकास का कहना है कि चोर सेफ में रखी 5000 की नगदी और लगभग दो लाख के जेवर चुरा ले गए हैं। विकास ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर शाम तक मौका मुआयना करना भी जरूरी नहीं समझा है।

# चुनाव जीतने के बाद तेजी से होंगे विकास कार्य

संवाददाता, मैलानी

» खीरी सांसद ने मैलानी की जनता को दिया धन्यवाद



अजय मिश्र टेनी को महात्मा बुद्ध की प्रतिमा देते पंचायत अध्यक्ष पति।

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर पहुंचकर चुनाव मे जीतोड़ मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देकर आश्वस्त किया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। इस बार और अधिक तेजी से विकास कार्य कराए जाएंगे। केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने मैलानी में जनता से संवाद कर उन्हें चुनाव में अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं, इसमें कोई शक नहीं है। भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर उन्होंने गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया। कसबा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में दर्शन कर जनता से संवाद किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के पति भवानी शंकर माहेश्वरी ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। धन्यवाद श्रीवास्तव, गोविंद कुशवाहा, प्रकाश सिंह रावत, गुरमीत कौर, सरस्वती दुरिया, विजय सोनी सहित कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# नौतपा कल से, तेज होगा रवि का वार

» तीन जून तक लोगों को गर्मी से नहीं मिलेगी राहत
» मौसम विभाग बारिश की जता रहा संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचाव के लिए मुंह पर कपड़ा लपेटकर जातीं युवतियां।

**अमृत विचार:** गर्मी कहर बरपा रही हैं। हालांकि पिछले दो दिन मौसम बदलने से जिलेवासियों को फौरी तौर पर गर्मी से राहत मिली। मगर, अब एक बार फिर भीषण गर्मी लोगों को परेशान करेगी। इसकी वजह शनिवार से नौतपा का शुरू होना है। इसके बाद अगले नौ दिन तक रवि का वार तेज होने से लोगों पर गर्मी कहर बरपाएगी। हालांकि मौसम विभाग 25 मई के बाद मौसम में बदलाव होने की संभावना जता रहा है।

इस बार नौतपा से पहले ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखा दिया है। हालांकि पिछले दिनों जिले की कुछ जगहों पर बेमौसम बूंदाबांदी से लोगों को घंटे दो घंटे के लिए राहत अवश्य मिली। मगर, उसके बाद फिर से गर्मी का प्रकोप शुरू होने से लोग परेशान हो उठे। फिलहाल आने वाले दिनों में जिलेवासियों को रवि का वार झेलने के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि इस बार 25 मई से नौतपा शुरू हो जाएगें। इन नौ दिन तक सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी काफी कम हो जाती है। इससे सूर्यदेव की तपिश काफी ज्यादा महसूस होती है। ज्योतिषियों के अनुसार सूर्य देवता 25 मई को 03:15 पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसके बाद नौ दिन का नौतपा रहेगा।

स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित बताते हैं कि ज्येष्ठ मास की ग्रीष्म ऋतु में नौतपा को अधिक गर्मी का संकेत माना जाता है। नौतपा शुक्ल पक्ष में आर्द्रा नक्षत्र से नौ नक्षत्रों तक यानी नौ दिन तक रहता है। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि नौतपा में अधिक गर्मी हो। इस बार नौतपा की शुरुआत रोहिणी नक्षत्र से हो रही है। इसलिए इन दिनों में तेज हवा के साथ बवंडर और बारिश की संभावना भी रहती है।

**नौतपा में अपने चरम पर होती है गर्मी**

नौतपा से आशय सूर्य का नौ दिनों तक अपने सबसे अधिक ताप में होना है। यानि इस दौरान गर्मी अपने चरम पर होती है। चंद्र देव रोहिणी नक्षत्र के स्वामी है, जो शीतलता का कारक है। परंतु इस समय यह सूर्य के प्रभाव में आ जाते हैं। जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों के लिए आता है तब इन 15 दिनों के पहले के नौ दिन सबसे अधिक गर्मी वाले होते हैं। इन शुरूआत के नौ दिनों को ही नौतपा कहा जाता है।

# महात्मा बुद्ध के दिखाए रास्ते पर चलें : कोली



जिला अस्पताल में बुद्ध पूर्णिमा पर गौतम बुद्ध का पूजन करते डॉक्टर।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

» बुद्ध पूर्णिमा पर गोष्ठी में बोले जिला अस्पताल के सीएमएस

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को जिले भर में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। जिला अस्पताल में गोष्ठी हुई। इसमें सीएमएस डॉ. आरके कोली ने महात्मा बुद्ध के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को उनके विचारों और दिखाए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। महात्मा बुद्ध ने इंसानियत का जो रास्ता दिखाया है, वह एक नए समाज की संरचना के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध का जिस दिन जन्म हुआ था उसी दिन उनकी मौत भी हुई। इसके बारे में महात्मा बुद्ध ने पहले ही बता दिया था, ऐसा सिर्फ ईश्वर ही कर सकता है। उनके द्वारा स्थापित बौद्ध धर्म का अनुपालन विश्व में लाखों लोग कर रहे हैं। सीएमएस ने बताया कि गौतम बुद्ध ने मनुष्यों को छह मूल मंत्र दिए थे, जिनमें अहिंसा, चोरी ना करना, सत्य बोलना, जीवों पर दया करना, ईर्ष्या और क्रोध से बचाना, प्रेम के मार्ग पर चलना शामिल हैं। इन मूल मंत्रों को अपनाकर जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भरकर जीवन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही एक सभ्य और सुव्यवस्थित समाज स्थापना हो सकती है। डॉ. डीके पुष्कर, फार्मासिस्ट अनिल वर्मा, सहदेव सचान, मैट्रन रजनी मसीह, स्टाफ नर्स अंजू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा से मनी बुद्ध पूर्णिमा, लोगों ने पूजा पाठ कर किया दान-पुण्य



महात्मा बुद्ध की मूर्ति पर पुष्पार्चन करते विद्यालय प्रधानाचार्य और शिक्षक।

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** चिलचिलाती गर्मी के बावजूद लोगों ने बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा से मनाया। नगर की दुधवा रोड पर स्थित महात्मा गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानाचार्य सहित अन्य स्टाफ ने महात्मा बुद्ध की मूर्ति पर पुष्पार्चन कर उनके विचारों को व्यक्त कर सड़क से गुजर रहे लोगों को शीतल शरबत पिलाया। प्रधानाचार्य हिमांशु शुक्ला, निर्देशिका कामिनी मौर्य सहित शिक्षिका विजय लक्ष्मी गुप्ता, नेहा सिंह, सपन दिवाकर, अशोक शुक्ला, सुरेंद्र श्रीवास्तव इत्यादि अन्य स्टाफ ने विद्यालय परिसर में लगी महात्मा बुद्ध की मूर्ति पर धूप-दीप जलाकर माल्यार्पण किया और महात्मा बुद्ध के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। पश्चात विद्यालय के बाहर दुधवा मार्ग पर स्टॉल लगाकर उधर से गुजर रहे राहगीरों को शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। उधर, अन्य अनेक स्थानों व घरों पर भी अनेक श्रद्धालुओं ने आज प्रात: स्नान कर विशेष पूजा- आराधना की और पंडा - पुजारियों एवं निर्धनों अपाहिज़ों को धन, अन्न, वस्त्र, पंखा, सत्तू, तरबूज ,खरबूजा केला आदि फल व मेवा मिष्ठान आदि दान किया। कई लोगों ने इस मौके पर भगवान सत्यनारायण की कथा भी सुनी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं 15565336H दिनेश कुमार मिश्रा पिता स्व0 अवधराज मिश्रा निवासी ग्राम डेहरा पोस्ट विशेश्वरगंज जनपद अमेठी यूपी है मेरी पत्नी जिनका नाम ओजस्विनी मिश्रा है। अब उन्हें भविष्य में सभी रिकार्डो में ओजस्वी मिश्रा के नाम से जाना व हुआ पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम बब्लू व अनिल कुमार है तथा मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना व पुकारा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे ही हैं। **बब्लू उर्फ अनिल कुमार पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी– ग्राम भवानीगढ़ पो0 कैथोली, जिला मैनपुरी।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तमान में रोहित चौरसिया पुत्र श्री दिलीप चौरसिया है। पूर्व में मेरा नाम चंदन चौरसिया था जो कि L.I.C. में मेरा नाम चंदन चौरसिया अंकित है। बाउन्ड नं. 219033675, 236375674, 226241520, 213773604, मेरा आधार, पैन रोहित चौरसिया के नाम से है। अत: L.I.C. पालिसी में भी चंदन चौरसिया की जगह रोहित चौरसिया के नाम जाना जाये। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है, इसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। **निवासी– 283/701/398 आरती नगर, मानक नगर, लखनऊ– 226011**

**सूचना**

कुसंगति के कारण मैं अपने पुत्र सारुक अली व अपनी बहू काजल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने किए का स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जाबिर अली पुत्र कादर बख्श ग्राम छेड़ीपुर थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी L.I.C. पालिसी सं0– 2751580661 दिनांक 15/04/2013 में मैने त्रुटिवश अपना नाम पारूल अंकित करा दिया है जबकि मेरा वास्तविक नाम अनुराग मौर्या है। जो कि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में भी अंकित है। अत: उपरोक्त L.I.C. में मेरा सही नाम अंकित किया जाये। **अनुराग मौर्या पुत्र राम सुचित मौर्या निवासी– ग्राम गोढिया पो0 तिवारीपुर परगना व त0 सलोन रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेश राय श्रीवास्तव अपने बेटे रोहित श्रीवास्तव की पत्नी प्रिया श्रीवास्तव से काफी परेशान रहता हूं। उनके चाल चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनका चाल चलन ठीक न होने के कारण में मैं अपने बेटे रोहित व उनकी पत्नी प्रिया को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वें स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के लोगों से उनका कोई लेना देना नही है। **सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेश राय श्रीवास्तव निवासी– मो0 जोशियापुरा थाना– कोतवाली नगर बहराइच।**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# स्नान करने के लिए गए किशोर की गंगा में डूबकर मौत

## बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर दोस्त के साथ गया नदी में नहाने, इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** बीजीआर इण्टर कालेज का छात्र अपने दोस्त के साथ गंगा नदी में बुद्ध पूर्णिमा का स्नान कर रहा था। उसी बीच उसका पांव गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। उसे डूबता हुआ देख कर उसका दोस्त दूसरों की मदद से उसे बचाने की जद्दोजहद में जुट गया, लेकिन फिर भी उसे बचाया नहीं जा सका। इकलौते बेटे की इस तरह मौत से उसके घर में मातम बरपा हो गया।

बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला मलकंठ निवासी धर्मवीर का बेटा प्रिंस (13) और पुत्री प्रिया है। प्रिंस बिलग्राम के बीजीआर इण्टर कालेज में सातवीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार को प्रिंस मोहल्ले में दूध डेयरी चलाने वाले बांगरमऊ निवासी अनूप के भांजे छोटू के साथ बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर गंगा स्नान करने गए थे। बताया गया कि प्रिंस और छोटू नदी में स्नान करने लगे। उसी बीच प्रिंस का पैर फिसल गया और वह नदी में डूब गया। उसे डूबता देख कर छोटू चिल्लाने लगा। उसकी आवाज़ सुन कर तमाम लोग दौड़ पड़े। उन्ही लोगों की मदद से छोटू भी प्रिंस को बचाने की जद्दोजहद मे जुट गया। काफी देर तक चली कोशिश के बाद भी प्रिंस को बचाया नहीं जा सका। इसका पता होते ही उसके घर वालों के बीच मातम बरपा हो गया। प्रिंस अपने मां-बाप और बहन प्रिया का सबसे लाडला था। पुलिस का कहना है कि शव को कब्ज़े में लेते हुई छानबीन शुरु कर दी है।



हादसे की सूचना मिलने पर घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़।

### गंगा स्नान से लौट रहे ई-रिक्शा सवार श्रद्धालुओं को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, चार लोग घायल

**मल्लावां, हरदोई।** गंगा स्नान कर लौट रहे ई-रिक्शा सवार श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसमें चार लोग घायल हो गए, घायलों को सीएचसी मल्लावां में चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। गुरुवार को बुद्धि पूर्णिमा पर मेहंदीघाट स्नान कर लौट रहे ई-रिक्शा सवार बिन्देश्वरी 55 वर्ष पत्नी राधेलाल निवासी भिटाई थाना माधौगंज, निर्मला देवी 60 वर्ष पत्नी ज्ञान सिंह, क्षमा देवी 26 वर्ष पुत्री ज्ञान सिंह निवासीगण तेरवा दहिगवां, विवेक कुमार 35 वर्ष पुत्र बैजनाथ निवासी कजीपुर फरहतनगर जैसे ही गढ़ी रसूलपुर के पास पहुंचे तभी मोड़ पर तेज रफ्तार टैक्टर ने अचानक घुमा दिया जिससे ई-रिक्शा टक्कर लगने से पलट गया, जिसमें चारों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया जहां डॉ जीतेन्द्र पटेल द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### गंगा स्नान कर पति के साथ बाइक से लौट रही महिला की गिरकर मौत

**बिलग्राम, हरदोई।** पति के साथ बाइक पर गंगा स्नान कर वापस आ रही पत्नी अचानक गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। रामकृष्ण निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुरवा और उसकी पत्नी मीरा देवी (55) गंगा स्नान करने गए थे। वापस लौटते समय पुरसेंडा मोड़ के पास मीरा बाइक से सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गयीं। उसे पहले सीएचसी बिलग्राम फिर जिला चिकित्सालय ले जाया गया, लखनऊ रेफर किए जाने पर ले जाते समय रास्ते में ही मीरा की मौत हो गई।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग लोगों में अफरा तफरी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला महुआ टोला चुंगी के निकट स्थापित बिजली विभाग के 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया जिससे अफरा तफरी मच गई। चुंगी के निकट 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। बुधवार की रात 8 बजे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख लोगों ने उसे बुझाने के लिए मिट्टी डाली लेकिन ट्रांसफार्मर के तेल ने तब तक आग पकड़ ली और भयंकर रूप ले लिया। ट्रांसफार्मर फटने के भय से लोगों में दहशत फैल गई। जागरूक लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता और दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

## एक नजर

### सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**टड़ियावां, हरदोई।** हरदोई-सीतापुर रोड पर जंसरी मोड़ के पास झाड़ियों में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। शव कई दिनों से वहां पड़ा था, लोग नशेड़ी समझकर वहां से अनदेखा कर गुजर जा रहे थे। गुरुवार को दुर्गंध उठने पर लोगों ने ध्यान दिया और शव पड़ा होने की जानकारी पुलिस को दी। एसएचओ अशोक कुमार सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। शव की शिनाख्त होने और उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ भी कहा जा सकता है। पुलिस को यह भी अंदेशा है कि हो सकता है युवक हादसे का शिकार हो गया हो।

### अन्नकूट भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर में मां शारदा देवी मंदिर पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बैसाखी मेले और भंडारे आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतों सहित क्षेत्र वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर में मां शारदा देवी मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर की संस्था मां शारदा देवी मंदिर कल्याण सेवा समिति द्वारा बैसाखी मेले और अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर पर स्वामी जी महाराज द्वारा हवन किया गया, जिसमे सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया, तत्पश्चात मां के भोग के बाद कन्या भोज किया गया, फिर क्षेत्र के साधु संतों सहित क्षेत्र वासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जितेंद्र, रोहित, संदीप गुप्ता, धर्मवीर, संजय सहित भक्त लोग और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कस्बे के सत्संग भवन में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कथा आयोजक मंडल के गणेश अरोड़ा, आशीष गुप्ता, दिनेश वर्मा, मधू अरोड़ा, प्रीती अरोड़ा, सोहन लाल, अंकित अरोड़ा, चंकित, अंकित मिश्रा आदि ने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

# बाइक सवार दंपति को वाहन ने मारी टक्कर, पति की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक से बेनीगंज जाने के लिए घर से निकले पति-पत्नी रास्ते में तेज रफ्तार का शिकार होने से दोनों घायल हो गए। इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में पति की मौत हो गई।

बेनीगंज कोतवाली के नयागांव देवरिया निवासी सरजू (40) गुरुवार को पत्नी शशि (40) के साथ बाइक से बेनीगंज जा रहा था। रास्ते में प्रतापनगर रोड पर पॉवर हाउस के पास के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों ने दोनों को कोथावां सीएचसी पहुंचाया, जहां से सरजू को मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है। सरजू के तीन बेटे और दो बेटियां हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मानसिक विक्षिप्त की मौत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पसनेर गांव के निकट कटरा-बिल्हौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह एक मानसिक विक्षिप्त को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची 112 पीआरवी ने शव को कब्जे में लिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम भेजा। उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

# अत्यधिक शराब के सेवन से युवक की मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** अत्यधिक शराब के सेवन से एक युवक की हालत बिगड़ने पर सीएचसी मल्लावां लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मल्लावां कोतवाली के ग्राम दशराईचमऊ निवासी विमल सिंह 33 वर्ष को अत्यधिक शराब के सेवन के चलते परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गईं। उप निरीक्षक वीरेंद्र पासवान ने बताया कि सीएचसी के कर्मचारी से उसकी शिनाख्त विमल के रूप में हुई जो अत्यधिक शराब पीने से हालत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गईं।

# अस्पताल के गार्ड व तीमारदार में मारपीट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भाभी के तीमारदार देवर ने नर्सिंग होम के सामने बाइक खड़ी की तो वहां तैनात उसे गाली देने लगा, लेकिन जब उसने उसी अंदाज़ में जवाब देते हुए उसकी पिटाई कर दी। उसी बात पर वहां हुए बवाल में तीमारदार देवर के भी चोंटे आई है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने पहले तो पूछताछ की। उसका कहना है कि तहरीर लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली शहर के रेलवे गंज नई बस्ती निवासी रिंकू गुप्ता ने बुधवार को अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा के दौरान धर्मशाला रोड पर एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां दोपहर में ऑपरेशन से पुत्र हुआ और शाम को उसकी मौत भी हो गई। उसी हड़बड़ाहट में रिंकू का भाई आशीष गुप्ता गुरुवार की सुबह बाइक से नर्सिंगहोम पहुंचा, उसने जैसे ही बाइक खड़ी की, तभी वहां तैनात गार्ड जितेंद्र निवासी मंगली पुरवा चिल्लाने लगा। आशीष का आरोप है कि उसने गाली-गलौज की, जिस पर उसने भी उसे उसी अंदाज़ में जवाब देने पर मारपीट होने लगी। जिसके चलते वहां बवाल होने में आशीष के भी चोंटे आई है। इसका पता होते ही पुलिस पहुंची, उसने दोनों से पूछताछ की। बताया गया है कि तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल के गार्ड और तीमारदार के बीच हुई मारपीट के बाद पहुंची पुलिस।

### यू-ट्यूबर ने खुद को कमरे में बंद कर बचाई जान

नर्सिंग होम में हो रहे बवाल के बीच शहर के आज़ाद नगर निवासी यू-ट्यूबर हर्ष वीडियो बनाने लगा, उसे देख कर नर्सिंग होम के लोगों ने उसे दौड़ा लिया। हर्ष ने किसी तरह खुद को कमरे में कैद कर लिया। उसके बाद उन्होने जब तक हर्ष के मोबाइल से वीडियो डिलीट नहीं कर लिया, तब तक उसे बाहर नहीं निकलने दिया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर वितरित किया शर्बत

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई,

**अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुदामऊ तिराहे स्थित किसान मजदूर बेरोजगार विकास समिति जिला कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध याद किए गए हैं।

संस्थापक सुभाष चन्द्र, रामनाथ हंस ग्राम प्रधान अनुज कुमार, प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार तिवारी सोनू ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। जिसके बाद शीतल शर्बत का भण्डारा प्रसाद राहगीरों को वितरण किया गया है। सुभाष चंद्र ने बताया कि बताया कि सत्य, अहिसा, करुणा, दया, प्रेम और शांति का मार्ग दिखाने वाले भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलकर ही दुनिया की बहुत सी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर गंगाराम सुमन, अशोक कुमार, हरिशंकर, प्यारेलाल, डाक्टर अशोक कुमार यादव, सर्वेश कुमार शुक्ला, सद्दाम हुसैन, संजय कोटेदार, देशराज आदि लोग मौजूद रहे हैं।



श्रद्धालुओं को शर्बत वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

# प्रेम-प्रसंग में युवक ने काटे दोनों हाथ, भर्ती

**हरदोई।** दिल्ली में एक निजी कंपनी मे जॉब करने वाले युवक ने घर के अंदर धारदार चीज़ से अपने दोनों हाथ काट लिए। कहा जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग के चलते ऐसा किया। युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात के कांशीराम कालोनी निवासी अंकित कश्यप (22) पुत्र राजकुमार कश्यप दिल्ली की एक निजी कंपनी में जंब करता था। पांच महीने पहले उसने प्रेम-प्रसंग के चलते वहीं अपने हाथों को ज़ख्मी कर लिया था। उसके बाद उसे घर बुला लिया गया। गुरुवार की शाम को अंकित ने अपने दोनों हाथो को धारदार चीज से घायल कर लिया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर बहुजन बौद्ध विहार में हुआ आयोजन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बहुजन बौद्ध विहार, कुकुही, बालामऊ बुद्ध जयन्ती समारोह का आयोजन हुआ। भिक्खू डा. स्वरुपानन्द महाथेरो एवं भिक्खु करुणानन्द ने बुद्ध वन्दना द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें क्षेत्र के अनेकों उपासक उपासिकाओं ने धम्म श्रवण कर जीवन को सार्थक बनाने का संकल्प लिया।

भिक्खु डॉ. स्वरुपानन्द महाथेरो ने बुद्ध पूर्णिमा के त्रिविध पावनी को सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए भगवान बुद्ध के जन्म, बोधि प्राप्ति एवं महापरिनिर्वाण के बारे में संदेश दिया। मास्टर अमर सिंह व मास्टर अमृतलाल के बालक बालिकाओं के टीम द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र पर रूक संयुक्त नाटिका प्रस्तुत की गई जिसको समस्त उपासक उपासिकाओं ने सहन मन से सराहा एवं करतल ध्वनियों द्वारा उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में अनेक वक्ता गणों ने धम-दर्शन पर अपनी-अपनी बात रखी। क्षेत्र के अनेक उपासक-उपासिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## सार-संक्षेप

### पेड़ की डाल टूटकर गिरने से अधेड़ की मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कुतुवापुर गांव में रात्रि घर के बाहर बने शौचालय में लघुशंका के लिए गए एक अधेड़ व्यक्ति के ऊपर बरगद की डाल टूटकर गिरने से दर्दनाक मौत हो गईं। घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया। मल्लावां के कुतुवापुर निवासी लालाराम पुत्र छोटे लाल उम्र 50 वर्ष जो खेती किसानी का काम करते थे। बुधवार की रात को लगभग दो बजे अपने घर के बाहर बने बाथरूम में लघुशंका करने के लिए गए थे, तभी पास में ही एक काफी पुराना बरगद का पेड़ खड़ा था। शौचालय से पेशाब करके जैसे ही निकले तो बरगद की डाल ऊपर गिर गई और जिसके नीचे दब गए। परिजन मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के तीन बच्चे हैं। जिसमें एक लड़का दो लड़की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### पं. बंगाल की मुख्यमंत्री को बताया तानाशाह

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधते हुए न्यायालय के आरक्षण के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष वेदराम राजपूत ने अपने कैंप कार्यालय स्थित मोहल्ला बाजार संभा में मीडिया को दिए गए बयान में कहा उच्च न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल में ओबीसी के आरक्षण में 2010 से धर्म के आधार पर अलग से दिए जा रहे चार प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया गया है। 2010 के बाद जारी अवैध ओबीसी प्रमाण पत्रों को अमान्य कर दिया। माननीय उच्च न्यायालय के इस निर्णय से पूरा ओबीसी समाज प्रसन्न है, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा इस निर्णय को न मानने और अपने प्रदेश में लागू न करने का जो बयान मीडिया में आया है, इससे उच्च न्यायालय की अवमानना हुई है। श्री राजपूत ने आगे बताया कि ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति से हम सभी आहत हैं। उत्तर प्रदेश का पिछड़ा वर्ग उनके इस तानाशाही एवं भेदभावपूर्ण आचरण की घोर निंदा करता है।

### पति सहित परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला कटरा निवासी महिला ने क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में पति, जेठ, जेठानी और देवर पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला कटरा निवासी पुष्पा पत्नी अन्नू ने बताया उसकी पांच बेटियां हैं, इसी बात से उसका पति और परिवार वाले उससे द्वेष मानते हैं। बुधवार की शाम को उसके पति ने जेठ रामबाबू, रामशंकर और जेठानी डिंपल ने उसके साथ मारपीट की। पूरे दिन बच्चों सहित उसे कुछ भी खाने को नहीं दिया। उसने कोतवाली में घटना की लिखित सूचना दी, परंतु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की गई। गुरुवार को पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### स्टेशन इंचार्ज ने कंडक्टर का हाथ पकड़ कर बस से खींचा

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रोडवेज़ बस स्टेशन इंचार्ज ने विकास नगर डिपो की बस कंडक्टर से न सिर्फ अभद्रता की बल्कि हाथ पकड़कर उसे बस से खींच नीचे लिया। इस बीच ड्राइवर वीडियो बना रहा था, स्टेशन इंचार्ज ने उससे मोबाइल छीना और वीडियो डिलीट कर दिया। गुरुवार विकास नगर डिपो की कानपुर से शाहजहांपुर रूट की बस रोडवेज़ बस अड्डे पर पहुंची। उसके कंडक्टर अशोक पाल कानपुर नंबर ले जाने की तैयारी कर रहा था, उसी बीच स्टेशन इंचार्ज जितेंद्र दीक्षित वहां पहुंचे और कंडक्टर अशोक पाल का हाथ पकड़ कर बस से खींच लिया। इस तरह खींचने से अशोक के हाथ में चोट लग गई। जिससे उन दोनों के बीच नोंकझोंक होने लगी। उसी बीच ड्राइवर उसका वीडियो बनाने लगा। स्टेशन इंचार्ज ने उससे मोबाइल लेकर वीडियो डिलीट कर दिया।



सहयोग राशि प्रदान करतीं इनर व्हील क्लब की सदस्य। अमृत विचार

### इनर व्हील क्लब ने मदद के लिए बढ़ाए हाथ

**हरदोई, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ने जिला अस्पताल में नगर के खजांची टोला निवासी शिवदयाल गुप्ता (65) का गत दिनों फालिज अटैक से आधा शरीर बेकार हो गया। उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाए। क्लब के सदस्यों ने मौके पर पहुंच कर इलाज के लिए 11000 रुपये की राशि देकर मदद की। डॉक्टर ने लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। जल्दी ही स्वास्थ्य लाभ मिले। सहयोग राशि डॉ शिवानी मिश्रा, अदिति गौर, बिंदु सिंह, शिवानी वर्मा, सुप्रिया सेठ, कंचन जिंदल, अनुराधा मिश्र, हरप्रीत कौर, इंदुबाला शुक्ला, रागिनी तिवारी ने दी। क्लब अध्यक्ष रागिनी तिवारी, सेक्रेट्री रूपाली खन्ना, ट्रेजरार पारुल तिवारी व क्लब सदस्य अनुराधा मिश्रा व नीलम रही।

# खाना बनाते समय आग में झुलसी महिला की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** खाना बनाते समय अचानक आग लगने से झुलसी महिला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पत्नी को बचाने के लिए प्रयास में उसका पति भी झुलस गया था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल उसके पास अभी कोई तहरीर नहीं आई है।

बीते मंगलवार की सुबह बिलग्राम कोतवाली के रामपुर मझियारा निवासी खुशीराम की पत्नी रुचि (21) घर में खाना बना रही थी। पति बाहर गया था और ससुर उसके बेटे कृष्णा को गोद में खिला रहा था। उसी बीच अचानक रुचि के कपड़ों में आग लग गई। शोर सुनकर खुशीराम बाहर से आ गया और पत्नी को बचाने का प्रयास करने लगा। गंभीर रूप से झुलसी रुचि को मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के सिविल हास्पिटल के लिए रेफर कर दिया। जहां बुधवार की देर शाम रुचि की मौत हो गई। खुशीराम की शादी करीब तीन साल पहले बेहटा गोकुल थाने के तारा गांव के रतिराम की पुत्री रुचि के साथ हुई थी।



### बच्चों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद ने न्यू हाइट्स स्कूल में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के दृष्टिगत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों को मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान से जोड़ते हुए अपने-अपने घरों में व घरों के आसपास पेड़ पौधे लगाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को कबाड़ से जुगाड़ बनाने के लिए भी प्रेरित किया गया और उन्हें यह भी समझाया गया कि अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखें तथा लोगों को भी जागरूक करें।

**योजना** | डिज़िटल हेल्थ मिशन के डाटा किया जा रहा सुरक्षित, एक क्लिक करते ही डॉक्टर के सामने होगी मरीज की पूरी जानकारी

# जांच हो या मर्ज, आभा आईडी में सब कुछ रहेगा दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकारी व निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं डिज़िटल हो रहीं हैं। अब किसी भी मरीज की पुरानी बीमारी जांच रिपोर्ट और दवाओं की सारी जानकारी सिर्फ एक क्लिक पर सामने आ जाएगी। मरीज़ों की आभा आईडी बनाई जा रही है। इस आईडी पर अब मरीज़ों की जिंदगी भर के इलाज की कुंडली बनाई जा रही है।

डिज़िटल हेल्थ मिशन के तहत सरकार आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। इसके तहत हर एक मरीज़ की डिज़िटल हेल्थ आईडी बनाई जा रही है। सीएचसी पिहानी पर आयुष्मान भवः कार्यक्रम के साथ आईडी बनाने का काम शुरू हो गया है।

सीएचसी प्रभारी डा.जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ज़िले में सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों के इलाज कराने वाले सभी मरीज़ों की हेल्थ आईडी बनेगी। आईडी बनने के बाद सभी मरीज़ों का ब्यौरा आभा पोर्टल पर पर अप-लोड किया जाएगा। देश में कई ऐसी योजनाएं चल रही हैं, जिनका लाभ गरीब वर्ग और ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। शहरों के अलावा ग्रामीण इलाकों तक इन योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है, क्योंकि गांव में रहने वाले लोगों को खासतौर पर इन योजनाओं की ज़रूरत होती है। ऐसी ही एक योजना है डिजिटल हेल्थ कार्ड यानी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट। इसे केंद्र सरकार की तरफ से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू किया गया है। इस योजना के तहत उन लोगों को फायदा मिलेगा, जो लोग बीमार रहते हैं और उन्हें डाक्टर के पास अपने इलाज के लिए जाना पड़ता है। कार्ड डिज़िटल होता है, जिसमें अपने सारे मेडिकल रिकॉर्ड सेव किए जा सकते हैं। मतलब कब बीमार हुए, किस-किस डाक्टर को दिखाया, क्या टेस्ट करवाएं आदि सब जानकारी होगी।



मरीज का डिजिटल हेल्थ आईडी बनाती स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

> आभा आईडी स्वास्थ्य विभाग का डिजिटल प्लेटफार्म है। इस पर मरीज़ो की पुरानी बीमारियों के अलावा बुखार तक का इलाज कराने की जानकारी होगी। बिना आभा आईडी के भविष्य में कोई भी डाक्टर मरीजों का इलाज नहीं कर सकेगा।
>
> -डा .जितेंद्र श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक पिहानी

### कहीं भी इलाज कराने में होगी आसानी

आभा आईडी में मरीज़ों के मर्ज़ के शुरुआत का इलाज और जांच, सारा कुछ दर्ज किया जा रहा है। कहीं भी इलाज लिए जाने पर डाक्टर पोर्टल पर मरीज़ की आईडी फीड कर क्लिक करते ही बीमारी, पहले हो चुकीं जांचों की रिपोर्ट, दवाएं और ब्लड ग्रुप की जानकारी सामने होगी। डाक्टरों को मरीज़ों को सही इलाज करने में मदद मिलेगी। अभी आयुष्मान कार्ड धारकों की आईडी बनाई गई है।

### कोई भी बनवा सकता है अपना आभा कार्ड

बात अगर इस कार्ड को बनवाने की पात्रता की करें, तो इस कार्ड को कोई भी बनवा सकता है। इस कार्ड को बनवाने के बाद ही इसका लाभ लिया जा सकता है। कार्ड को बनवाने के लिए एनडीएमएच हेल्थ रिकॉर्ड्स एप को डाउन लोड करना पड़ेगा या फिर उसकी वेबसाइट की मदद ली जा सकती हैं। इस कार्ड में ऑन-लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए अपने आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए इससे जुड़ा जा सकता हैं।

## एक नजर

### महिला की हत्या में पति व सास को 10 वर्ष की सजा

**संवाददाता, हरदोई।** करीब दो साल चार माह पुराने दहेज हत्या के मामले के आरोपी पति व सास को दोषी करार देते हुए जिला जज राजकुमार सिंह ने 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। जज ने पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बघौली कोतवाली क्षेत्र के सोहरिया गांव निवासी रामकिशोरी पत्नी जगदीश ने एसपी को तहरीर दी थी। बताया था कि उसने बेटी मीना की शादी 29 अप्रैल 2018 को माधौगंज कोतवाली क्षेत्र के रमजानीपुरवा निवासी रजनीश के साथ की थी। विवाह के बाद रजनीश, मीना और उसकी सास रामकली दिल्ली में रहने लगे थे। नीरज शराब पीने का लती हो गया था जिससे आए दिन वह बेटी के साथ मारपीट गाली गलौज करता था। आरोप था कि 25 दिसंबर 2021 को मीना की सास ने फोन कर बताया कि मीना बोल नहीं रही, यही कहकर फोन काट दिया। इसके बाद आरोपी मीना का शव लेकर गांव आ गए और बताया कि उसपर भूत प्रेत का साया था, जिसने उसका गला दबा दिया और जवान काटकर मार डाला।

### बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा तटों पर गूंजा हर-हर गंगे का उद्घोष

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार वैशाख पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जीवन की तीन अहम बातें बुद्ध का जन्म, बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति और बुद्ध का निर्वाण के कारण भी विशेष तिथि मानी जाती है। इस पुनीत अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्थान के लिए पहुंचे थे। एक दिन पूर्व बुधवार की शाम को क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर गंगा महाआरती, दीपदान किया गया। साथ ही मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति के सचिव जितेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में गंगा तटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर संदेश दिया गया। गुरुवार की सुबह तीन बजे से गंगा स्नान शुरू हुआ। क्षेत्र के गंगा तट गोकना के अलावा पूरे तीर, बादशाहपुर आदि स्थानों पर भी लाखों की संख्या में स्नान करने लोग पहुंचे थे। स्नानार्थियों की भारी भीड़ के कारण गंगा तटों को जाने वाले मार्गों पर जाम की स्थित बनी रही। उधर गोकना गंगा घाट पर एक दिन पहले ही दूरदराज से बड़ी संख्या में स्नानार्थी बसों से आ गए थे।

# बीमारियों का घर बना बिलग्राम सीएचसी परिसर

## पेयजल के लिए अस्पताल में स्थापित वाटर कूलर बना शोपीस, साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य मंत्री के गृह जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। स्वच्छता के प्रेरित करने वाले सबसे अहम महकमा स्वास्थ्य विभाग खुद अपने परिसर को गंदगी से भरे हुए है।

अस्पताल परिसर में मेडिकल कचरा भी अनियोजित तरीके से फैला रहता है। चिकित्सक जहां मरीजों को स्वच्छता रखने की सलाह देते हैं, उसी सीएचसी में गंदगी का अंबार लगा है। शुद्ध पेयजल के लिए लगाया गया वाटर कूलर खराब पड़ा है मरीजों को बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। टंकी के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है। अस्पताल की आवासीय कॉलोनी की सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। पेयजल के लिए परिसर में लगा वाटर कूलर शोपीस





बेड पर पड़ी गंदगी और इमरजेंसी वार्ड में पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

बना हुआ है । भीषण गर्मी में पानी के लिए मरीजों और तीमारदारों को अब मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इमरजेंसी वार्ड में गंदी चादरें बिछी रहती हैं। मजबूरन मरीजों को इन्हीं पर लेटना पड़ता है।

अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड गंदगी से भरा दिखाई दिया। सुबह के समय अस्पताल के सफाई कर्मचारी कूड़ा उठाने पर ध्यान ही नहीं देते। मरीजों के वार्ड में सही से सफाई नहीं करते। नियमित सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने से थोड़ी दिक्कतें हैं। इसके बावजूद भी अस्पताल के सभी वार्डों एवं परिसर को साफ सुथरा रखने का प्रयास किया जाता है। दूसरी तरफ मरीज को शौचालय के लिए बाहर जाना पड़ता है शौचालय में ताला पड़ा रहता है। बिलग्राम सीएचसी की सफाई व्यवस्था से लेकर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट दिखाई दी जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं। इस संबंध में जब प्रभारी चिकित्साधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लगातार सफाई कराई जाती है। चुनाव में कर्मचारियों की व्यस्तता से कुछ गंदगी हो गई है जल्द ही उसे साफ कराया जाएगा।

# भाई की ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भाई की ससुराल कन्नौज जा रहे युवक की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई, जिससे वह जख्मी हो गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि साण्डी थाने के रजनी मजरा बरण्डारी निवासी राघवेंद्र कुमार का 19 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार गुरुवार को बाइक से अपने भाई की ससुराल पुलिस लाइन अलियापुर कन्नौज जा रहा था। उसी बीच रास्ते में अरवल थाने के बरगहा पुरवा कुसुमखोर के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने दीपक की बाइक में टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार लोग वहां से भाग गए।इस बीच वहां राहगीर इकट्ठा हुए,उन्होनें उसके मोबाइल से घर वालों को सूचना दी,उसके बाद दीपक के घरवाले वहां पहुंचे और उसे निजी गाड़ी से मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। दीपक दो भाइयों में छोटा था। उसने साण्डी के नरपति सिंह इण्टर कालेज से 10 वीं पास की थी। इन दिनों पिता के कामों में हाथ बंटाता था।

### डॉक्टरों पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

हादसे में जख्मी हुए दीपक के भाई विकास कुमार का आरोप है कि वह लोग जब उसे घायल हालत में लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे तो वहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात ईएमओ और उनका स्टाफ चाय की चुस्कियां ले रहा था। कई बार कहने के बाद भी उन्होंने दीपक की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। भाई का आरोप है कि डाक्टरों की उसी तरह की लापरवाही के चलते दीपक की मौत हुई।




# बीईओ की आपत्तिजनक रील बनाकर की वायरल

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र भरावन के प्राथमिक स्कूल भरावन प्रथम में आपसी विवाद के चलते दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। इसको लेकर कुछ लोगों ने भरावन बीईओ डीएल राना की फोटो लगाकर 'का हो मंगरू अब का करबा' गीत के साथ वायरल कर दिया। रील को इसे शिक्षक हर्षेंद्र सिंह की आईडी से वायरल किया गया है। इस फोटो में बीईओ एक स्कूल में जांच करने पहुंचे थे। इस मामले पर बीईओ डीएल राना का कहना है कि अपने अधिकारी के प्रति शिक्षकों की ऐसी प्रतिक्रिया और मजाक बनाना अनुशासनहीनता है। हम तो चुनाव ड्यूटी में बूथ चेक कर रहे थे। पुलिस भी मौजूद है। अनुशासन हीनता करने वालों की जांच की जा रही है। कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उधर शिक्षक हर्षेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर ही अपना बयान जारी करते हुए लिखा है कि 22 जून को मेरी फेशबुक आईडी हैककर खण्ड शिक्षा अधिकारी की फोटो लगाकर मेरी आईडी से एक रील अपलोड की गयी है। इस रील का मुझसे कोई संबंध नहीं है, जांच कराकर शरारती लोगों की पहचान किए जाने की आवश्यकता है।

इसी मामले में शिक्षक जितेन्द्र सिंह निवासी कुकुरी ने अपना व्हाटसेप एकाउंट हैक किये जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

## आकर्षण का केन्द्र रही सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा पर शहर में सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विभिन्न महापुरुषों के जीवन पर आधारित झांकियों ने लोगों को काफी प्रभावित किया। लोगों में शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारा कायम करने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, धार्मिक एवं गैर राजनीतिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले बुद्ध के अनुयायियों ने शहर के हाथी पार्क स्थित बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास एकत्रित हुए, जहां पर बौद्ध भिक्षु डॉ. कमलसील ने लोगों के साथ सामूहिक वंदना की।

# अधिक से अधिक केस सुलह से निपटाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार सिंह ने 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से वादों का निस्तारण कराने के लिए विश्राम कक्ष में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेंद्र प्रताप ने बताया कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक



बैठक करते प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज राजकुमार सिंह। अमृत विचार

वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर कराएं जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए । जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रीती श्रीवास्तव, सपना त्रिपाठी, अरविंद कुमार, अच्छे लाल सरोज, मनमोहन सिंह, अबुल कैश, श्रद्धा तिवारी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत हेमेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिला जज सुनील कुमार सिंह, यशपाल, सीजेएम लाल बहादुर गोंड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, स्मिता गोस्वामी, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन अंजली रानी, मृत्युंजय कुमार, अर्शी नूर, विवेक चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार गौतम, सिविल जज जूडी संदीप मणि, जीशान खान, अमृतांशु राज, श्रेयांश श्रीवास्तव व प्रियंका चौधरी उपस्थित रहे।

# महिला सराफा से लूट में तीन युवक गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ई-रिक्शे पर सवार महिला सराफा कारोबारी से रास्ते में तमंचा दिखाकर नकदी व जेवर से भरा बैग लूटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्ज़े से लूटा गया जेवर-नकदी, तमंचे, कारतूस और बाइक बरामद की गई है।

एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि शहर के खजांची टोला मोहल्ले की सरिता गुप्ता पत्नी



गिरफ्तार किए गए लूट के आरोपी।

राजकुमार गुप्ता की सराफा की दुकान सकतपुर में है। सरिता गुप्ता 14 मई को ई-रिक्शे से सकतपुर दुकान खोलने जा रही थी। उसी दौरान रास्तें में कोतवाली शहर के कुंदौली के पास ई-रिक्शे पर सवार लुटेरों ने उसे तमंचा दिखाते हुए माल-ज़ेवर वाला बैग लूट लिया और फरार हो गए थे। जिसके खुलासे के लिए एसपी ने पुलिस की तीन टीमें बनाई थी। साथ ही एसओजी/स्वाट और सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था। गुरुवार को पता चला कि तीन संदिग्ध बाइक सवार बिलग्राम रोड पर कसरावां के पास कहीं जा रहे है। इसका पता होते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए तीनों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम अवनीश कुमार निवासी नयापुरवा बघौली, प्रिंस कुमार निवासी बसहर बिलग्राम और मुकेश कुमार निवासी हरसिंहपुर टड़ियावां हैं। उनके पास से लूटा गया कुछ जेवर, 1100 रुपये नकद, बाइक, दो तमंचा व कारतूस बरामद किए है।

पुलिस के हत्थे चढ़े लुटेरों ने 28 मार्च को कोतवाली देहात के प्रगतिनगर में रेलवे लाइन और नाले के बीच वाले एक घर में घुसकर वहां से चोरी करने की बात कुबूल की। उनके कब्ज़े से चोरी किया गया ज़ेवर और 37 सौ की नगदी बरामद की है।

## सीएमओ से अभद्रता मामले में फार्मासिस्ट ने छह दिन बाद भी नहीं दिया नोटिस का जवाब

**हरदोई।** सीएमओ से गाली-गलौज करने वाले फार्मासिस्ट की दीदा-दिलेरी देखिए कि उसने 3 क्या बल्कि 6 दिन बाद भी सीएमओ के स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया। कहा जा रहा है अगर ऐसा ही रहा तो साबित हो जाएगा कि सीएमओ का अपने मातहतों पर कोई ज़ोर नहीं रहा। अगर इससे से बढ़ कर कुछ होता है तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। हालांकि सीएमओ डा .रोहिताश्व का कहना है कि कुछ भी कार्रवाई होना तय है। बताते चलें कि 17 मई को सीएमओ डा .रोहिताश्व ने पोस्टमार्टम हाउस में तैनात फार्मासिस्ट पकंज सचान से डेड बॉडी को डी-फ्रीजर्स मे रखवाने के लिए कहा था,जिस पर फार्मासिस्ट ने उनसे न सिर्फ इतना कहा कि वे कौन होते है,बल्कि उनके साथ गाली-गलौज भी की थी। पानी सिर से ऊपर होने पर सीएमओ ने सीधे एसपी से बात की और कुछ ही देर में वहां सीओ सिटी अंकित मिश्रा पूरे लाव-लश्कर के साथ वहां पहुंच गए,लेकिन उससे पहले फार्मासिस्ट वहां से भाग गया। उसके अगले दिन 18 मई को सीएमओ ने फार्मासिस्ट को स्पष्टीकरण जारी करते हुए जवाब देने के लिए तीन दिनों की मोहलत दी थी। 20 मई को मोहलत पूरी हो गई।

## सार-संक्षेप



क्षतिग्रस्त पुलिया। अमृत विचार

### दो वर्षों से टूटी पुलिया दे रही बड़े हादसे को दावत

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** वर्षों से टूटी पुलिया राहगीरों को दे रही मौत की दावत मामला विकास खंड टोडरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिस्तिया जाने के लिए पूर्व दिशा मार्ग पर देवरास नाला माइनर पर बनी पुलिया लगभग दो वर्षों से क्षतिग्रस्त होने के कारण दोपहिया और चौपहिया वाहनों के आवागमन बाधित हो रहे हैं इसी पिस्तियां गांव के पश्चिम दिशा की ओर जाने वाले मार्ग की गंदे नाले की पुलिया लगभग एक महीने से जर्जर हालत में है पिस्तिया गांव जाने के लिए कोई भी मार्ग ऐसा नहीं है। जिसपर गांव के भार वाहन निकल सके। कुछ दिनों के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा। यदि समय रहते मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो बरसात के समय में पूर्णरूप से राहगीर व वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाएगा आने जाने में लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### दरोगा पर घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कुछ माह पूर्व ऊंचाहार कोतवाल द्वारा महिला से अश्लील चैटिंग का खुलासा होने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई हुई थी। अब कोतवाली पुलिस पर एक बार फिर बड़ा गंभीर आरोप लगा है। कोतवाली के दरोगा पर जबरन घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की शिकायत हुई है। पीड़िता ने न्यायालय में अर्जी देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल का है। गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि उसके पति शहर में रहते हैं। ससुर बाहर दुकान चलाते हैं। उसके जेठ एनटीपीसी में दिहाड़ी मजदूर हैं। इसलिए दिन के समय घर में केवल महिलाएं रहती है। घटना के दिन ऊंचाहार कोतवाली के दरोगा अपने साथ दो सिपाहियों को लेकर आए और जबरन उसके घर का दरवाजा तोड़ डाला। उसके बाद घर में घुसकर उसके साथ गलत नियत से छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली दी और धमका कर चले गए। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन कोतवाली गए और पुलिस अधिकारियों को पूरी घटना से अवगत कराया। उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली है।

# उधार दिए हुए पैसे मांगने पर की थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मूंगफली की फसल की रखवाली करने गए युवक की खेत में हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार उधार के रुपये मांगने पर आरोपी ने युवक की हत्या को अंजाम दिया था। पत्थर से पहले सिर पर वार किया इसके बाद खुरपी से गला रेत दिया।

गुरुवार को एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने प्रेस वार्ता कर खुलासे की जानकारी दी। बताया कि पचदेवरा थाने के बिल्सर हिलेन निवासी बब्लू मंगलवार की रात मूंगफली



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

की रखवाली करने के लिए गांव के पश्चिम खेत पर गया था। बुधवार की सुबह परिजनों ने उसका शव वहीं चारपाई पर पड़ा पाया था। उसका सिर ईंट से कुचला और किसी धारदार चीज़ से उसका गला कटा हुआ था। बब्लू के पिता राजकुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी। पिता ने गांव निवासी अवनीश सिंह पर हत्या का शक जाहिर करते हुए बताया था कि उसी ने कई बार बब्लू को हत्या की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि उसने बब्लू से दो हज़ार रुपये उधार लिए थे, वह अपने रुपये मांग रहा था। जिस पर मगंलवार की रात में उससे झगड़ा हुआ था। उसके बाद बब्लू अपने खेत पर पहुंचा, जहां उसने पहले तो उसके सिर पर ईंट से वार किया फिर पास में रखी खुरपी से गला काट दिया।



बच्चे को धूप से बचाकर ले जाते परिजन। अमृत विचार

## आज से तपेगी जेठ की दोपहरी धूप के और तीखे होंगे तेवर

**हरदोई, अमृत विचार।** आज से जेठ की दोपहरी शुरू हो जाएंगी। हालांकि सूर्यदेव लगातार आग बरसा रहे हैं, लेकिन जेठ में और भी अधिक गर्मी होने की संभावना जताई जा रही है। धूप व गर्मी का आलम यह है कि दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। कुछ दिनों से बदली पुरवा हवा ने लोगों को कुछ राहत भी दिलाई है। गर्मी का सितम लगातार जारी है। शुक्रवार से जेठ का महीना शुरू हो रहा है। जेठ की दोपहरी से लोगों को आज से जूझना पड़ेगा। हालांकि जिले में पिछले 20 दिनों से लगातार मौसम गर्म होता चला जा रहा है। तीन दिन पहले बदली पुरवा हवा ने लोगों को कुछ राहत पहुंचाई है। धूप का आलम यह है कि सुबह के नौ बजने के बाद से ही आसमान से आग बरसनी शुरू हो जाती है। जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है धूप व गर्मी तेजी पकड़ने लगती है।

# तीन घंटे ठप रहा डाउन ट्रैक, मेमो से हुआ ट्रेनों का संचालन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में यात्रियों को लगातार अपनी ट्रेन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में तापमान 46 से 47 डिग्री पहुंच चुका, जबकि हरदोई में अब तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक दर्ज किया जा चुका है। भीषण गर्मी में यात्री प्लेटफार्म पर अपनी ट्रेन का इंतजार करते हैं।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लेकर ज्यादा सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है ऐसे में भीषण गर्मी में यात्रियों पर रेल प्रशासन की दो तरफ़ा मार से यात्री परेशान हैं। गर्मी में एक और जहां रेल प्रशासन समर स्पेशल ट्रेनों को चालकर यात्री सुविधा के दावे कर रहा है वहीं पूर्व से चल रही ट्रेनों को समय से चलाने



में रेल प्रशासन असमर्थ है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को ब्लॉक के चलते हरदोई आने वाली कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से पहुँची जिसके चलते लखनऊ की ओर जाने वाले यात्रियों को गर्मी में भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेल यात्री लगातार मोबाइल और सहयोग केंद्र पर अपनी ट्रेन से संबंधित जानकारी लेते नजर आए।

## ब्लॉक और सिंग्नल बना कारण

रेल प्रशासन द्वारा कौढ़ा रेलवे स्टेशन के यार्ड में ब्लॉक लेकर कार्य कराया जा रहा था। रेल प्रशासन द्वारा सुबह के 11 :10 से दोपहर के 1 :10 तक ब्लॉक लिया गया था ।इस दौरान आने वाली ट्रेनों को जहां की तरह रोक दिया गया था। 1 :10 पर ब्लॉक समाप्त होने के बाद कौढ़ा रेलवे स्टेशन के यार्ड का सिग्नल ठीक नहीं हो सका जिसके चलते बेहटा गोकुल में 15904 चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस को खड़ा रखा गया ।यह ट्रेन लगभग 1 घंटे से अधिक समय तक बेहटा गोकुल रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही वहीं इसके पीछे 22454 मेरठ लखनऊ राजरानी एक्सप्रेस 15076 टनकपुर शक्ति नगर त्रिवेणी एक्सप्रेस भी बेहटा गोकुल रेलवे स्टेशन से पहले खड़ी रही। सिग्नल ठीक से काम न करने और ट्रैक पर मशीन होने से डाउन ट्रैक पूर्णता बाधित रहा। इसके रेल अधिकारियों के निर्देश पर दोपहर 2 :20 बजे कौढ़ा रेलवे स्टेशन से बेहटा गोकुल रेलवे स्टेशन को लाइन क्लियर दिया गया। डाउन ट्रैक पर संचालित होने वाली ट्रेनों को कौढ़ा रेलवे स्टेशन से मेमो देकर संचालित किया गया। सिग्नल के ठीक से काम न करने और ब्लॉक के चलते हरदोई आने वाली 22454 मेरठ लखनऊ राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से एक घंटा 47 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची यह ट्रेन बेहटा गोकुल से पहले लगभग 1 घंटा 20 मिनट तक खड़ी रही वहीं राज्यरानी के पीछे चल रही 15076 टनकपुर से चलकर शक्ति नगर जा रहे त्रिवेणी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से हरदोई रेलवे स्टेशन पर 1 घंटा 27 मिनट की देरी से पहुंची यह ट्रेन रास्ते में लगभग 1 घंटा 10 मिनट करीब खड़ी रही। भीषण गर्मी में ट्रेन में बैठे यात्रियों और प्लेटफार्म पर ट्रेनों का इंतजार कर रहे रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा ।यात्रियों की मांग है कि रेल प्रशासन गर्मी के बाद ट्रैक पर कार्य कराये जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर ट्रेनों में बैठकर गर्मी का सामना न करना पड़े।

# हैंडपंप खराब, पेयजल का संकट

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते कस्बा सहित ग्रामीणों में पानी की विकराल समस्या उतपन्न हो गयी है। पेयजल जैसी अहम समस्या का मुद्दा उठाते हुए भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र शक्ति के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने इस समस्या के लिए स्थानीय अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए व्यवस्था को सुधार करने की मांग की है। स्थानीय प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाते हुए समस्या का अति शीघ्र निस्तारण किये जाने की मांग की हैं।

उन्होंने बताया कि कस्बे में



मरम्मत के अभाव में बदहाल पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप। अमृत विचार

जहां भी पेयजल आपूर्ति के लिए जगह-जगह लगे फ्रीजर,वाटर कूलर,हैंड पंप लगभग ठप पड़े हुए हैं। भयंकर गर्मी को देखते हुए लोगों को पेयजल की सुविधा लगे उपकरण राहगीरों की प्यास बुझाने में निष्क्रिय है। अगले माह संभवतः तापमान और भी बढ़ेगा तथा भीषण गर्मी होगी ऐसे में पानी की व्यवस्था सुदृढ होना जरूरी हो गया है। उन्होंने जनहित से जुड़ी उक्त गम्भीर समस्या का निजात कराये जाने की मांग की है ताकि लोगों कोई परेशानी न हो पेयजल का संकट बढ़ता ही जा रहा है, क्योंकि गांवों में अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपंप ठप पड़े हैं।

# साहब पत्नी को मार दिया है.. गिरफ्तार कर लो

## अवैध सम्बन्ध के शक में हत्या की आशंका, पुलिस बोली आपसी कलह बनी मौत की वजह

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में आपसी विवाद के बाद पति ने पत्नी की कुदाल से प्रहार कर मौत के घात उतार दिया। घटना के बाद आरोपी पति खून से सने कपड़ों के साथ कोतवाली पहुंचकर गुनाह कबूल करते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

ग्राम रुदाईन निवासी गरीबे लाल (40) का विवाह रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के गोंदहा गांव निवासी हीना देवी (35) से लगभग 18 वर्ष पूर्व हुआ था। मृतक हीना देवी के पांच बच्चे हैं। बताते हैं कि बीते कुछ माह पूर्व पत्नी हीना सकरन थाना क्षेत्र के सांडा अपने नंदोई सियाराम के घर गई थी। कुछ माह वहां रुकने के बाद वह करीब एक हफ्ता पहले ही अपनी ससुराल रुदायन आई थी। घर में आये पति-पत्नी के बीच विवाद लगातार विवाद भी होता रहता था। गुरुवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई, विवाद इस कदर बढ़ा कि गुस्साए पति ने पत्नी के सर पर कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। कुदाल के हमले से सिर में गंभीर चोटें आने से वह बेहोश होकर गिर गई। वारदात के बाद पति पत्नी को मरा हुआ समझकर खून की छीटों से सने कपड़ों के साथ कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस आरोपी पति को हिरासत में लेकर घटनास्थल पहुंची। घायल अवस्था में पड़ी महिला को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी महमूदाबाद भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटनास्थल से आलाकत्ल को बरामद करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

**5 बच्चों के सिर से उठा मां का साया**

जीजा के घर रहकर करीब एक हफ्ता पहले अपने घर पहुंची महिला के पांच बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। इसके साथ पिता भी मां की हत्या के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे पहुँच जाएगा। जिसके बाद बच्चों की परवरिश एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। महिला के पांच बच्चों में तीन लड़कियां व दो लड़के हैं। इनमे रजनीश (14) वर्ष, रजनी (11) वर्ष, यकी (9) वर्ष, आंचल (7) वर्ष, चाहत (5) वर्ष शामिल है। घटना के बाद रजनीश और बहन रजनी ने अपने भाई-बहनों के संभालकर ढांढस बंधाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय वारदात हुई उस समय घर में मौजूद दो बच्चे सो रहे थे।

**अपराध**

▸▸ पत्नी की कुदाल से हत्या कर पति ने थाने में किया सरेंडर

"पत्नी की हत्या के आरोप में आरोपी पति पुलिस की हिरासत में है। मौके पर आला कत्ल भी बरामद कर लिया गया है। मृतका के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।"

–दिनेश शुक्ला, सीओ


घटना के बाद ग्रामीणों की लगी भीड़। अमृत विचार

**अवैध संबंधों के शक में हत्या**

पति-पत्नी के बीच कलह और झगड़े की वजह आपसी विवाद के साथ महिला के अपने जीजा से अवैध संबंध होना भी बताया जा रहा है। ग्रामीण दबी जुबान महिला के चरित्र पर सवालियां निशान खड़े कर रहे थे। ऐसा इसलिए भी चर्चाएं है क्योंकि मृतक महिला वारदात से कुछ दिन पूर्व कई महीनों तक अपने जीजा के घर रूककर वापस अपनी ससुराल आई थी। हालांकि पुलिस मामले में आपसी विवाद को हत्या की वजह मान रही है। पुलिस का कहना है कि तफ्तीश के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।


थाने के बाहर बैठे मृतका महिला के परिजन। अमृत विचार

## एक नजर

### पति ने पत्नी को धारदार हथियार से किया घायल

**कमलापुर।** बहरीमऊ गांव निवासी उदयभान ने अपनी पत्नी को धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गुरुवार को सुबह आठ बजे उदयभान की अपनी पत्नी नीलम से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई जिससे उदयभान सिंह ने आक्रोशित होकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसके बाद खुद भागकर गांव के पश्चिम लगे कटहल के पेड़ से लटककर जान देने की कोशिश की लेकिन गांव वालों ने उसे आनन-फानन में नीचे उतार लिया। पत्नी नीलम को उठाकर कसमंडा सीएचसी ले गए। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि मामला की जांच की जा रही है।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना तम्बौर इलाके के ग्राम ड्योड़ीडीह निवासी रंजीत 22 ग्राम इच्छा मजरा तम्बौर देहात अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने बीती 20 मई को आया था। बुधवार की शाम वह गांव किनारे स्थित शारदा नदी में नहाने गया, जहां वह डूब गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई। गुरुवार की सुबह उसका शव उतराता मिला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत

**हरगांव।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गयी। हरगांव थाना क्षेत्र के गांव बहेरवा निवासी मंजू देवी पत्नी संकटा (34) की बुधवार देर रात तबियत खराब होने पर उसके पति संकटा प्रसाद द्वारा इलाज के लिये गांव की ही आशा बहू के साथ सीएचसी हरगांव लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी। महिला के पति ने बताया कि मृतका गर्भवती थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। मृतका के पति ने मौत का कारण जानने के लिए पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की। हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**सदरपुर।** थाना क्षेत्र के दौलतपुर मजरे शमशाबाद निवासी बबलू पुत्र छोटेलाल अपनी जमीन पर दीवार का निर्माण कर रहा था। ऐसे में दूसरे पक्ष के अनिल पुत्र मिश्रीलाल ने दीवार बनाने का विरोध किया तो दोनो पक्षों में कहासुनी व गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों से चोटिल हुए लोगों को मेडिकल के लिए बिसवां भेजा। वहीं मेडिकल कराकर वापिस आए दोनो पक्ष दोबारा आपस में भिड़ गए। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि दोनो पक्षों ने तहरीर दी है, घायलों का मेडिकल कराया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस चौकी से एक किमी दूरी पर फायरिंग

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** अवैध खनन को लेकर चर्चा में रहने वाली कार्टरगंज पुलिस चौकी की लचर कार्यशैली के चलते छोटे से विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। पुलिस चौकी से करीब एक किलोमीटर दूरी पर कई राउंड फायरिंग हुई और पत्थरबाजी के साथ जमकर लाठी-डंडे भी चले।

मामला महोली कोतवाली क्षेत्र के गजपतीपुर गांव का है। रऊफ ने बताया कि मंगलवार को ग्राम प्रधान के घर भतीजी की लखीमपुर से बारात आई थी। गांव के तमाम बच्चे वहां खाना खा रहे थे। इसी दौरान रऊफ के परिवार और शोफीन के परिवार के बच्चों में कुर्सी पर बैठने को लेकर झगड़ा हो गया। बताया जाता है कि शोफीन के परिजनों ने मामले की शिकायत गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कार्टरगंज पुलिस चौकी पर की लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। बुधवार की सुबह शोफीन के परिजन इनके घर के बाहर अवैध असलहा लहराते हुए टहलने लगे। इस दौरान एक पक्ष से एक युवक अवैध असलहा लेकर अपने दरवाजे पर आया और सामने फायर झोंक दी। इसी दौरान एक ईंट आकर उसके चेहरे पर लगी और वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।


असलहे से फायरिंग करता युवक (लाल घेरे में)। अमृत विचार

**फायरिंग की बात दबाते रहे चौकी प्रभारी!**

प्रकरण को लेकर पहले तो चौकी प्रभारी फायरिंग की बात को नकारते रहे लेकिन जब कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तो सड़क पर बिखरे ईट और पत्थर तथा मौके पर पड़े कारतूस के खोखे कार्टरगंज चौकी पुलिस की सक्रियता की गवाही देने लगे। थोड़ी देर बाद वायरल वीडियो ने पुलिस के दावे की कलई खोल दी। रऊफ की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार नामजद तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की है।

"इस प्रकरण में धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506 व 307 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर दोनों ओर के आरोपितों की पहचान की जा रही है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।"

–उमाकांत शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक, महोली

# पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासिनी मधु गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया कि उनके मकान के पीछे उमेश कुमार, प्रेमनाथ, विनय, विशाल शौचालय का गंदा पानी बहा रहे हैं, जब उन्होंने मना किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी व गाली गलौज करने लगे। उसे और उसके पति को भी मारा-पीटा। द्वितीय पक्ष के प्रेमनाथ ने पुलिस को प्रार्थना पर देकर आरोप लगाया कि उनके गोदाम में सांप निकल आया था तो वह घर के पीछे पानी गिरने के स्थान पर घास कूड़ा आदि की सफाई करा रहे थे, तभी विपक्षी अंकित, मधु गुप्ता आदि ने सफाई करने से रोका व गंदी-गंदी गालियां देने लगे, मना करने पर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। उक्त लोगों ने मेरी पत्नी व मेरे बच्चों को भी मारने-पीटने का प्रयास किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्रों पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में सात घायल

**रेउसा।** थाना इलाके में विभिन्न गांवों में हुइ मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल हो गये। रेउसा के गुड़रूवा निवासी मैना 50 वर्ष पत्नी महावीर आम बीनने गई थी। जहां गांव के ही धर्मराज व विनोद ने पुरानी रंजिश में उसकी पिटाइ्र कर दी। वहीं गढ़ीपुरवा में रामकली बेवा का अपने देवर से पेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें रामकली, राकेश, सीमा सहित तीन लोग घायल हो गये। जबकि अकसोहा में रमेश व राम बाबू दोनों में पेड़ बेचने को लेकर विवाद उपज गया। जिसमें रमेश, निर्मल, गुड्डू, शिवम आदि ने योजनाबद्ध तरीके से एक राय होकर घर में घुसकर अतुल, गंगोत्री, रमावती सहित तीन लोगों को घायल कर दिया।

## सार-संक्षेप

### ईरान के राष्ट्रपति की शहादत पर निकाला कैंडल मार्च


कैंडल जलाकर शोक जताते लोग। अमृत विचार

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला काजी टोला शिया मस्जिद में ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हो जाने पर उनकी मगफिरत के लिए एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना समीर जैदी ने दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के लिए मगफिरत की दुआ की। उनकी शहादत पर बुधवार देर शाम शिया धर्मावलंबियों ने कैंडल मार्च मस्जिद से इमामबाड़े तक निकालकर अफसोस का इजहार किया और उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च का नेतृत्व मौलाना समीर जैदी व ऑल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष आकिल रिजवी ने किया। कैंडल मार्च में प्रमुख रूप से शकील अली खान, जामिन अली खान, आशिर रिजवी, मोअजिज, डॉ जाबिर, मुसर्रत, सिराज, मीसम, समीर, अमर नदीम, साहू रिजवी, जावेद, सईद रिजवी सहित भारी संख्या में शिया समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### बैंक व थाने के चक्कर लगा रहे ठगी के शिकार पीड़ित

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे में स्थित बैंक आफ इंडिया में मुद्रा लोन व केसीसी लोन मे बैंक प्रबंधक व बैंक के दलालों की ठगी का शिकार हुये करीब आधा सैकड़ा लोगों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। ठगी के शिकार हुये पीड़ित एक सप्ताह से बैंक व थाने के चक्कर लगाकर लगाकर परेशान हो रहे हैं, लेकिन अभी तक पुलिस व बैंक के उच्चाधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में पीड़ितों में रोष बढ़ता ही जा रहा है। उच्चाधिकारियों ने बताया कि बैंक के शाखा प्रबंधक देवेश तिवारी को निलंबित कर दिया गया है और साक्ष्यों की जांच की जा रही है। बृहस्पतिवार को हरगांव थाने मे पीड़ितों मो आकिब, इम्तियाज, रामकिशोर निवासी कोरैय्या उदनापुर थाना हरगांव, मो. अली निवासी भदेवा, दिलीप कुमार निवासी माहिमपुर, अतीक निवासी नौरंगपुर ने हरगांव थाने में तहरीर देकर बैंक प्रबंधक देवेश तिवारी व बैंक के दलालों पर करोड़ों रुपये के हड़पने का आरोप लगाया। पीड़ितों ने बताया कि शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से बैंक शाखा से चंद कदमों की दूरी बैंक के दलालों ने एक निजी आफिस भी खोल रखा था, जिसमें सादे प्रपत्रों व बाउचरों पर हस्ताक्षर कराये जाते थे। इस संबंध मे थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि पीड़ितों के प्रार्थनापत्र मिले है जिनकी जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### प्ले ग्रुप की क्लास का उद्घाटन

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर स्थित प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्ले ग्रुप क्लास का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी, प्रगतिशील किसान और कोल्ड स्टोर (निर्माणाधीन) के मालिक अरुण वर्मा मुन्ना, समाजसेवी नीरज जैन और प्रतीक आई केयर सेंटर के डॉक्टर प्रतीक सिंह ने फीता काटकर कक्षा का शुभारंभ किया। अतिथियों का विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा, प्रधानाचार्या शशि सिंह, मिश्री लाल वर्मा, राम किशुन गुप्ता, पुष्कर वर्मा ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक गिरीश चंद्र वर्मा, कन्हैयालाल सैनी, पंकज वर्मा, रमाकांत दीक्षित, अभिषेक, अक्षय, रामसेवक, रेखा वर्मा सहित सभी अध्यापक एवं अध्यापक मौजूद रहे।


क्लास का उदघाटन करते समाजसेवी।

### अधिवक्ता व न्यायालय समान रूप से कार्य करें : सुभाष


बिसवां तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन।

**सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील सभागार बिसवां में स्व. वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट की जयंती एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज जूनियर डिवीजन सुभाष कुमार ने कहा कि अधिवक्ता और न्यायालय एक सिक्के के दो पहलू हैं, जब तक दोनों समान रूप से कार्य नहीं करेंगे, तब तक सही न्याय नहीं दिलाया जा सकता। हमें आपस में सामंजस्य बनाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं से जूनियर अधिवक्ताओं को सीखना चाहिए। अधिवक्ताओं ने हमेशा चाहे आजादी की लड़ाई हो चाहे समाज को दिशा देने की बात हो, हमेशा आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव की आज हम लोग जयंती मना रहे हैं। इसके पीछे कारण यह है कि वह एक अच्छे अधिवक्ता होने के साथ समाज में उनकी एक अनूठी छाप थी। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि बिसवां बार एसोसिएशन ने इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए एक वृक्ष लगाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है, इस परिकल्पना के नजरिया से सभी को एक वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत अधिवक्ताओं ने बैच लगाकर किया। इस अवसर पर स्व. वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष आरएन सिंह, एल्डर्स कमेटी अध्यक्ष बृजेश नारायण गुप्ता, लॉयर्स एसोसिएशन के एल्डर्स कमेटी सदस्य राजकुमार शर्मा, रसिक बिहारी गुप्ता के अतिरिक्त कमलेश मौर्य, पदमकांत शर्मा ने अधिवक्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक नीरज कुमार श्रीवास्तव, संतोष कटोरिया व जितेंद्र मिश्रा के अतिरिक्त बिसवां तहसील के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शकील अहमद ने किया।

# हिस्ट्रीशीटर ने किया स्वास्थ्य टीम को बंधक बनाने का प्रयास

▸▸ बड़ागांव में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे करने गई थी स्वास्थ्य टीम

▸▸ प्रधानपति की अभद्रता के बाद सर्वे बंद कर वापस लौटी टीम

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस के दावों से इतर एक हिस्ट्रीशीटर ने कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए सर्वे करने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम से अभद्रता करते हुए उसे बंधक बनाने का प्रयास किया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन संतोषजनक कार्रवाई नहीं कर सकी। पुलिस की कार्यशैली से नाराज सीएचसी अधीक्षक ने प्रधानपति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए सीओ, एसडीएम, सीएमओ, बीडीओ और इंस्पेक्टर महोली को पत्र भेजकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामला महोली कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव का है।

कार्रवाई के लिए अधिकारियों को भेजे गए पत्र में स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. इमरान अली ने लिखा कि इलाके के ग्राम महेवा और बड़ागांव में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे का कार्य प्रस्तावित था। जिसके चलते 15 मई से 19 मई तक महेवा में ग्राम प्रधान के सहयोग से कार्य पूर्ण किया गया। मंगलवार को स्वास्थ विभाग की टीम बड़ागांव में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे करने के लिए पहुंची थी। यहां प्रधानपति ने सरकारी काम में बाधा डालते हुए टीम कर्मियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अभद्रता की और टीम को बंधक बनाने का प्रयास किया। मामले की सूचना बड़ागांव चैकी प्रभारी को दी गई, लेकिन संतोषजनक कार्रवाई न होने के कारण सर्वे टीम द्वारा नाइट ब्लड सर्वे का कार्य बंद कर दिया गया।

चौकी प्रभारी की कार्यशैली से नाराज डॉ. इमरान अली ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी और इंस्पेक्टर महोली को पत्र लिखकर प्रधानपति के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। मालूम हो कि फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे का कार्य 25 मई तक पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

"इस संबंध में अभी तक कोई प्रार्थना-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। प्रधानपति का यह कृत्य गैरकानूनी है। मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।"

–उमाकांत शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक, महोली

**हिस्ट्रीशीटर है बड़ागांव प्रधानपति**

बड़ागांव की मौजूदा प्रधान जगदेवी का पति अमरीश यादव महोली कोतवाली के रिकार्ड में ऊंचा रसूख रखता है। इस पर संगीन अपराधों के तमाम मुकदमें दर्ज हैं। 24 मार्च 2022 को क्राइम ब्रांच और तत्कालीन इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला ने जिला बदर और 25 हजार रुपए के इनामिया अमरीश यादव को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया था।

**खेती-किसानी**

**कीटों ने पहुंचाया नुकसान पर मौसम की मार से बच गई आम की फसल**

# आम की फसल से बागवानों को बेहतर कमाई की आस

संवाददाता, औरंगाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** इस साल बागवानों को आम की फसल से अच्छी कमाई की आस है। ऐसे में व्यापारियों ने भी जनपद की बागों में डेरा डाल दिया है। भले ही आम की फसल को कीट-पतंगों ने नुकसान पहुंचाया हो, लेकिन मौसम की मार से बची आम की फसल से अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

औरंगाबाद के बागों में तैयार आम फसल की पहली खेप राजस्थान भेजी गई है। जल्द ही दशहरी स्थानीय मंडियों में भी नजर आने लगेगी। उम्मीद है कि आगामी एक सप्ताह के अंदर दशहरी आम संडीला, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, लखनऊ की मंडियों में पहुंच जाएगा। जिले की फल पट्टी के नाम से मशहूर औरंगाबाद इलाके की बागों में आम का उत्पादन इस वर्ष अच्छा हुआ है। नुकसान के बावजूद यहां के बागवान खुश हैं और बागवान आम को बाहर भेजने की तैयारी में जुट गए हैं। व्यापारियों से मोल-भाव तय होने के बाद आम की टूट भी शुरू करा दी गई है। यहां दशहरी, चैसा, लखनवी सफेदा, मलिहाबादी सफेदा, बिजनौरी सफेदा, गुलाब खाश, हुशनारा, फजली, मालदहा, लंगड़ा, सफेदा की प्रजातियां मिलती है। इसके अलावा देशी आम की करीब 70 प्रजातियां भी मौजूद हैं।

**आम की फसल को कीट ने पहुंचाया नुकसान :** बागवानों की माने तो पिछले दिनों कीट ने आम की फसल को नुकसान पहुंचाया। आम की फसल को करीब 60 फीसद नुकसान हुआ। इस बार मौसम की मेहरबानी बनी रही। आंधी न आने से आम की शेष फसल सुरक्षित है। इसी फसल से नुकसान की भरपाई की जाएगी।

**इन प्रदेशों में जाता है आम**

यहां का आम हरियाणा, कांदला, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली आदि प्रदेशो को भेजा जाता है। इसके अलावा लखनऊ, बरेली, कानपुर, झांसी, बनारस, इलाहाबाद को भी भेजा जाता है। सीतापुर, लखीमपुर व हरदोई की मंडियों में भी औरंगाबाद की दशहरी नजर आती है।


आम को तोड़कर रखते बागवान अमृत विचार

# सीएचसी में बेड मिला न इलाज बाहर से लिखी गईं दवाएं

▸▸ महिला के परिजनों का आरोप, जमीन पर लगा दिये दो इंजेक्शन

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के तमाम दावों के बाद भी चिकित्सकीय सुविधाओं की हालत सुधर नहीं रही है। थानगांव इलाके की एक महिला की तबियत खराब होने पर परिजन सीएचसी लाये। जहां उसे न तो बेड मिला और न ही चिकित्सकों ने उसकी सुधि ली। जमीन पर लेटे लेटे ही उसे दो इंजेक्शन लगा दिये गये। यहीं नहीं दवाएं भी बाहर से लिखी गईं।

थानगांव के गोलोक कोड़र के मजरा पासिनपुरवा निवासी आरती 30 वर्षीय पत्नी राजू भार्गव की गुरुवार को तवियत खराब हो गई। जिसे लेकर घरवाले सीएचसी आये। जहां महिला को परिसर में खुले आसमान के नीचे जमीन पर लिटा दिया गया। महिला दर्द से कराहती रही, लेकिन आरोप है कि किसी भी चिकित्सक ने उसे नहीं देखा। रिश्तेदार महेश, आरती की मां ने बताया कि अस्पताल में सुविधा के नाम पर दो इंजेक्शन फर्श पर लेटे-लेटे ही लगाए गये। न तो बेड मिला और न ही डाक्टरों ने हाथ लगाया। इतना ही नहीं दवाएं भी बाहर से लिखी गईं। वही इस बारे में जब डॉक्टर तेज प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इलाज कर महिला को रेफर कर दिया गया था।


सीएचसी परिसर में जमीन पर लेटी दर्द से कराहती महिला। अमृत विचार

## एक नजर

### शिविर में 96 नेत्र रोगियों के आंखों की हुई जांच

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गांवों को मिलाकर 96 रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच के बाद नेत्र रोगियों में से 13 रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए आगामी 27 मई को अयोध्या भेजा जाएगा।

### ज्वाला माई स्थान पर श्रीदेवी भागवत कथा शुरू

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लाक की ग्राम पंचायत बनगाई में ज्वाला माता थान पर नौ दिवसीय देवी भागवत का कार्यक्रम महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। ग्राम पंचायत की महिलाओं ने जिले के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित दुर्गा प्रसाद पांडेय की अगुवाई में बड़ी संख्या में एकत्र होकर शिर पर कलश रखकर लाइन लगाकर गाजे बाजे के साथ ब्लॉक रुपईडीह मुख्यालय पहुंची और वहां पोखर से कलश में जल भरकर पुन: ज्वाला माता स्थान पर वापस आयी। यात्रा में कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, विकास तिवारी, बाबूराम कश्यप, लल्लू चौबे, रवि मिश्र, अरुन चौबे, सूरज चतुर्वेदी, माधव राज दुबे, आदि शामिल रहे।

### दुबहा से सिसैया जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त, रोष

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कौड़िया के अहियाचेत गांव के राघव राम पुरवा से दुबहा बाजार सिसैया मार्ग तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। मार्ग पर यात्रा करने वाले राम कृपाल तिवारी, गोपाल कश्यप, गुड्डू मिश्र, मौला तिवारी, भोपाल तिवारी आदि लोगों ने बताया कि सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से की गई है।

# गर्मी के साथ बढ़ रहा पेयजल संकट, कई हैंडपंप खराब

## कागजों पर हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर खर्च हुए लाखों

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** एक तरफ लोग बढ़ रही भीषण गर्मी से परेशान हैं तो दूसरी तरफ नलों के खराब होने से हो रही पानी की समस्या उनकी परेशानी को बढ़ा रही है। हाल ये है कि कहीं पर हैंडपंप बिल्कुल खराब हैं तो कहीं पर देर तक चलाने पर गंदा पानी निकाल रहे हैं। कागजों पर हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च दिखाया जाता है जबकि हकीकत में हैंडपंप मरम्मत व रीबोर की राह देख रहे हैं।

कुछ ऐसा ही हाल ब्लॉक ऐलिया की ग्राम पंचायत सहादतनगर का है। जहां पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंपों की हालत काफी जर्जर है। प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी और तपन से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में प्यास लगने पर नलों से पानी निकालने में लोगों की हलक सूख रही है। गाँव के फेरूलाल के घर के बाहर लगा इंडियामार्का हैंडपंप करीब 3 साल से खराब पड़ा है। आसपास के लोगों का कहना है कि करीब 15 घरों के लोग इस हैंडपंप का उपयोग करते थे। हैंडपंप खराब होने से सभी को काफी समस्याएं हो रही हैं। कई बार जिम्मेदारों से नल सही कराने की गुजारिश की गई। जब किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तब पास में ही घरेलू हैंडपंप लगवा लिया। इसी गांव निवासी मनोज कुमार के घर के बाहर जो हैंडपंप लगा हुआ है उसकी पाइपें खराब हैं जिसको काफी देर तक चलाने पर गंदा पानी निकलता है।


पानी न आने से हैंडपंप की चैकी में खेलते बच्चे। अमृत विचार

> जिन जगहों पर हैंडपंप खराब हैं वहां की लोकेशन वाट्सऐप कर दीजिये, सभी को दिखवाकर ठीक करा दिया जाएगा।
> –**शैलेंद्र कुमार सिंह**, बीडीओ ऐलिया

ग्रामीणों को कहना है कि करीब 10 घरों के लोग इस हैंडपंप का उपयोग करते हैं जो सभी ऐसी भीषण गर्मी में परेशान है। आसपास के लोगों का यह भी कहना है कि शिकायत के बाद ग्राम प्रधान ने इसे ठीक तो कराया लेकिन पाइपें खराब होने की वजह से इसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है। गांव के बीच रजनीश के घर के बाहर लगे हैंडपंप की स्थिति तो यह है कि हैंडपंप के ढक्कन की जगह बोरी बांधकर लोगों को काम चलाना पड़ रहा है तथा नल से बार- बार पानी उतर जाता है। ग्रामीणों का कहना है काफी जद्दोजहद के बाद नल से पानी तो निकलता है लेकिन दूषित पानी निकलता है। जिसके चलते आसपास के करीब 25 घरों के लोगों को पेयजल की परेशानी हो रही है। वहीं इसी गांव के मूलचंद के घर के बाहर लगा हैंडपंप अक्सर खराब ही रहता है। कई बार शिकायत के बाद भी जब किसी ने ध्यान नहीं दिया तो अब जब भी हैंडपंप खराब होता है तो आसपास के सभी लोग चंदा लगाकर उसे काम चलाऊ बनवा लेते हैं।

उनका यह भी कहना है कि जब से हैंडपंप लगा है तब से नल की चैकी तक नहीं बनी है जिससे वहां पर पानी का भराव रहता है जिसमें मच्छर पनपते हैं और उन से बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। गांव के बाहर जटायू बाबा नामक एक देवस्थान है जहां गोला- कस्ता मुख्य मार्ग के किनारे ही एक इंडिया मार्का हैंडपंप लगा हुआ है। नल के चारों तरफ झाड़ियां उग आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि देवस्थान पर आने वाले भक्तों को पानी की किल्लत तो होती ही है वहीं राहगीरों को जो हैंडपंप लग जाने से सहूलियत मिली थी अब वह भी नहीं रही।

# कुआनो जंगल में आग से लाखों की लकड़ी राख

## रात भर कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव के समीप स्थित कुआनो जंगल में बुधवार की देर शाम अचानक आग लग गयी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की लपटें आसमान छूने लगीं।आग की लपटों को देख जंगल के किनारे बसे गांवों में दहशत फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहे। पूरी रात जंगल से आग की लपटें निकलती रही और धुंए के गुबार से जंगल सुलगता रहा। दमकल की दो गाड़ियां पूरी रात आग बुझाने में जुटी


कुआनो जंगल की झाड़ियों में लगी आग। अमृत विचार

रहीं। 10 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बृहस्पतिवार की सुबह आग पर काबू पाया जा सका। इस अग्निकांड में लाखों रुपये की बेशकीमती लकड़ी जलकर स्वाहा हो गयी है।

कुआनो के पास रहने वाले ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार की देर शाम जंगल में आग लग गयी। पहले तो इसकी जानकारी नहीं हुई लेकिन जब जंगल से आग की लपटें निकलती दिखाई दीं तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना जंगल विभाग के अफसरों व दमकल महकमे को दी गयी लेकिन न तो वन विभाग के अधिकारी ही पहुंचे और न ही समय से दमकल कर्मी पहुंच सके। करीब दो घंटे की देरी के दमकल की एक छोटी गाड़ी आग बुझाने पहुंची लेकिन तब तक आग की लपटें विकराल रूप धारण कर चुकी थीं। कुछ देर बाद दूसरा वाहन भी बुलाया गया। दोनों वाहनों के कर्मचारी ग्रामीणों के सहयोग पूरी रात आग को काबू करने में जुटे रहे। करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। इस दौरान सैकड़ों बीघा जंगल आग की भेंट चढ़ गया और साखू, खैर, जामुन, सागौन व अन्य कीमती पेड़ इस अग्निकांड में जलकर स्वाहा हो गए।

### फायरिंग व बमबाजी मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** मंगलवार की रात जमीन विवाद को लेकर पूरे डाल गांव में दबंगों द्वारा की गई बमबाजी व फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के पूरे डाल गांव में मंगलवार की रात दबंगों ने मेहीलाल पासवान के घर में घुसकर तीन लोगों को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था और फायरिंग के साथ ही सुतली बम फेंक कर दीवार भी ढहा दी थी। मामले में पुलिस ने चार नामजद संतोष, रामकरण, राम लखन व रितेश सहित कई अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को एक आरोपी रामकरण को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पाई है। इस बाबत थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि एक को गिरफ्तार न्यायालय रवाना कर दिया गया है अन्य की तलाश जारी है।

# पशु चिकित्सालय के निर्माण में मानकों की अनदेखी से आक्रोश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** राजकीय पशु चिकित्सालय निर्माण अनियमितता की भेंट चढ़ गया। राजकीय पशु चिकित्सालय रूपईडीह के निर्माण में अनियमितता की चर्चा जोरों पर है। ब्लाक मुख्यालय पर मानक विहीन राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है, जिससे मानक विहीन निर्माण कार्यों में संलिप्त होने का आशंका जतायी जा रही है। कार्य दाई संस्था के द्वारा राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण 69.11


अधूरा पड़ा पशु चिकित्सालय।

लाख रुपये से कराया जा रहा है। काम कर रहे राजगीर ने बताया कि उसको किस तरीके के मटेरियल के उपयोग करने को कहा गया है वह इस तरीके से सामग्री का प्रयोग कर रहा है। किसी तरह से काम चल रहा है। जानकारों की मानें तो राजकीय पश चिकित्सालय के निर्माण में पीले, दोयम ईंटों व अन्य सामग्री का प्रयोग हो रहा है जो मानक के अनुसार नहीं है। जबकि केंद्र व राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को संकल्पित है। अधिकारियों से मिलीभगत कर ठेकेदार सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पशु चिकित्सालय के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदारों पर जिम्मेदारों की कृपा है यदि कार्य सही नहीं होगा तो पशु चिकित्सालय काफी समय तक नहीं टिकेगा। इस बारे में बीडीओ मृत्युंजय यादव ने बताया कि कार्यदाई संस्था से जानकारी हासिल करें।

# बाहर से लिखी जांच व दवा, डॉक्टर को नोटिस

संवाददाता, परसपुर

**कार्रवाई**
- अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था मरीज का मुद्दा
- सीएचसी अधीक्षक ने चिकित्सक से तीन दिन के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में एक टीबी मरीज को बिना दवा लिए वापस जाना तथा बाहर से दवा व जांच कराने के मामले में अधीक्षक ने संबंधित डॉक्टर को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। मरीज की शिकायत को अमृत विचार ने प्रकाशित किया था।

जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण स्तर पर बने सीएससी व पीएचसी केन्द्रों पर अक्सर डॉक्टर के द्वारा बाहर से जांच के पर्चे व दवाओं के पर्चे लिखे जाने की बात आम सी हो गयी है। सीएससी अन्तर्गत गांव मरचौर निवासी ठाकुर प्रसाद यादव बीते मंगलवार को अपने साले सोनू को सीएचसी पर टीबी से सीने में दर्द होने के कारण इलाज कराने पहुंचे तो ओपीडी पर तैनात डॉक्टर आर के वर्मा ने पीड़ित को देखने के बाद एक पर्चा बनाकर बाहर जांच के लिए भेज दिया। पीड़ित डॉक्टर के बनाए हुए पर्चे पर जांच कराई तो जांच सेंटर ने जांच के 1400 रुपये वसूले। जांच कराने के उपरांत जब पीड़ित मरीज जांच रिपोर्ट लेकर सीएससी पर पहुंचे तो डॉक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट की पड़ताल करने के बाद पीड़ित मरीज को टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बताते हुए दवा बाहर से लेने के लिए अपने से सम्बन्धित मेडिकल स्टोर पर भेज दिया।

पीड़ित मरीज मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो मेडिकल स्टोर संचालक ने डॉक्टर द्वारा लिखी दवाओं की 1600 रुपए कीमत बताई। मरीज ने इतनी भारी रकम चुकाने में असमर्थता जाहिर कर दुकान से यह कहकर वापस चला आया कि अभी पैसा कम पड़ रहा है। लौटकर वापस सीएचसी पहुंच डॉक्टर से बताया कि दवा के सोलह सौ रुपए बन रहे हैं। इसके पहले चौदह सौ रुपए की जांच कराई है अब इतना पैसा नहीं बचा है कि सोलह सौ रुपए की दवा खरीद सके। इतने में डॉक्टर साहब आग बबूला हो गए। पीड़ित मरीज के साथ अभद्रता की। पीड़ित ने इसकी शिकायत अपर निदेशक स्वास्थ्य तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ लवकेश शुक्ला से करते हुए ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर जनसुनवाई के तहत अवगत कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर लवकेश शुक्ला ने डॉक्टर को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

सीएससी अधीक्षक ने बताया कि शिकायत मिली है जिसको लेकर संबंधित डाक्टर को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगते हुए जनपद के स्वास्थ्य विभाग उच्चस्थ अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। स्पष्टीकरण मिलते ही कार्यवाही कर उच्चस्थ अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा।

# गौतम बुद्ध ने पूरे संसार को दिया मानवता व सद्भाव का संदेश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर पंचमपुरवा बुद्ध विहार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत में भंते बोधीमित्र (महाथेरा) ने सभी उपासक एवं उपासिकाओं को त्रिरत्न, पंचशील तथा बुद्ध वंदना, धम्म वंदन, संघ वंदना अट्ठमंगलगाथा के साथ शीलों का पाठ कराया। इस मौके पर राममूर्ति मधुकर व रानू चैधरी ने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध विश्व गुरु हैं और उन्होंने पूरे संसार को मानवता का संदेश दिया है।

पंचमपुरवा बुद्ध विहार के संस्थापक परिनिब्बत नेकपाल भारती को याद किया। तत्पश्चात कमेटी के अध्यक्ष-मुकेश गौतम ने बुद्ध की शिक्षाओं और उनके विचारों के बारे में बताया। इस मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, हर्षवर्धन भारती, कोषाध्यक्ष करुणानंद भारती, महासचिव, मुन्ना लाल भारती तथा अन्य सदस्य अभय कीर्ति, रामू भारती, मनीष कुमार, धीरज कुमार श्रीपाल, शुभम सागर, बृजेश राठौर, मुकेश कुमार, विनय कुमार, प्यारेलाल बौद्ध, मयंक, अरुण कुमार विमल, अंजू, गीता, कल्पना, प्रियांजलि, मधुलेखा, विद्यावती, कुसुम किरन आदि धम्म उपासक मौजूद रहे।


बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद उपासक। अमृत विचार

### मां कालिका देवी मंदिर में धूमधाम से मनी बुद्ध जयंती

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** मां कालिका देवी मंदिर गढ़चपा बहादुरगंज स्थित भगवान बुद्ध की मूर्ति पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर फूल माला पहनाई और खीर का प्रसाद वितरण कर उनको याद किया गया। साथ ही उनके बताए अहिंसा के रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शंकर लाल मौर्य, रामकिशोर मौर्य, कल्याण मौर्य, बृज किशोर मोर्य, जयप्रकाश, राम विजय मौर्य, कीढी लाल भारती, केशव राम मौर्य, रामदास मौर्य ,कुंज बिहारी मौर्य, आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बुद्ध की शिक्षाओं का करें अनुसरण: भंते धर्मरत्न

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला छावनी स्थित बौद्ध विहार में बृहस्पतिवार को बुद्ध पूर्णिमा पर्व भारी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर बोलते हुए भंते धर्म रत्न ने बौद्ध धर्म संस्थापक गौतम बुद्ध के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का दिन इसलिए महान है कि आज ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ, उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और इसी दिन उनका निर्वाण हुआ था।

उन्होंने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का अनुसरण करने एवं उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तृष्णा ही सभी दुखों का मूल कारण है इसीलिए हम सभी लोग तृष्णा के पीछे ना भाग कर उनके आदर्शों का अनुसरण करें। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भंते करुणा शील, श्री कृष्ण, जगजीवन, डॉक्टर लालजी गौतम, कैलाश, कामता प्रकाश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अमृत सरोवर सूखे, पानी को तड़प रहे पशु-पक्षी

## रुपईडीह विकासखंड में अमृत सरोवर योजना से बनाए गए अधिकतर तालाब हैं अधूरे

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पानी के संकट से जूझ रहे किसानों, बेजुबान जानवरों तथा पक्षियों के लिए सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की थी। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने से अमृत सरोवर सूखे पड़े हुए हैं। अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण और सूखे जैसी भयावह स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा लाई गई थी। इस योजना का शुभारंभ 24 अप्रैल 2022 को स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पर भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप किया गया। इससे गर्मी के दिनों में होने वाले भूजल की कमी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी ड्रीम प्रोजेक्ट योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। विकासखंड रुपईडीह में भारत सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट योजना अमृत सरोवर के निर्माण के लिए 106 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 25 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अमृत सरोवर पूर्ण नहीं हो सके। अमृत सरोवर के निर्माण में 81 लाख 37 हजार रुपये खर्च कर दिए गए, लेकिन धरातल पर कुछ और ही नजारा दिखाई दे रहा है। अमृत सरोवर निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार व धनों का दुरुपयोग किया गया है जो स्थलीय सत्यापन में सारे राज खुल कर सामने आ जाएंगे। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि सूखे पड़े सरोवरों में पानी भरवाया जाएगा वहीं अधूरे पड़े अमृत सरोवर के बारे में पूछे जाने पर फोन काट दिया।


सूखा अमृत सरोवर। अमृत विचार

### इन ग्राम पंचायतों में होने थे अमृत सरोवर के निर्माण

अमृत सरोवर के निर्माण कराया जाने के लिए ग्राम पंचायत मे पचरन कोचवा, नौशहरा, भुरकुड़ा, पिपरा भोधर, केवलपुर, छिटनापुर, पचुरखी मनोहर जोत, भुड़कुड़ी, कौड़िया, पिपरा चौबे, नरायनपुर माफी, रंजीत नगर, रज्जनपुर, पूरेपाठक, कुरासी, इटहिया नवीजोत, फरेंदा शुक्ल, महादेवा कला, रुपईडीह, तेलिया कोट, पिरवरतारा, कुरसहा, देवरिया कला, खनवापुर आदि हैं। लेकिन पच्चीस ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र तीन ग्राम पंचायत कुरसहा, देवरिया कला तथा खनवापुर पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### जेसीबी से खनन कर रहे माफिया, राजस्व को हो रहा नुकसान


खेत से निकाली गई मिट्टी। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** प्रशासन की अनदेखी के कारण थाना क्षेत्र में बालू रेत व मिट्टी का खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। सक्रिय खनन माफिया रातों–रात सैकड़ों ट्राली रेत व मिट्टी का खनन कर बेच रहे हैं। थाना क्षेत्र अंतर्गत बहने वाली सरयू नदी में गर्मी की ऋतु में जब पानी बहुत कम होता है, तभी खनन माफिया संगठित होकर नदी किनारे दर्जनों स्थानों पर बालू व मिट्टी की खुदाई करवाते हैं। जिससे लाखों रूपये का राजस्व का चूना भी लग रहा है। खनन माफिया प्रति ट्रॉली करीब 3000–4000 रुपये की दर से बिक्री कर रहे हैं। हालांकि पड़ोसी जनपद बाराबंकी में सरयू नदी में बालू खनन के लिये बाकायदा रॉयल्टी देने का विधान है, जिसमें सरकार को करोड़ो का राजस्व मिल रहा है, किंतु इस थाना क्षेत्र में सक्रिय माफिया इसी खनन के बल पर फर्श से अर्श पर पहुंच गए हैं। बीती रात मध्यपुर डिहवा में बड़े पैमाने पर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी का खनन किया गया। वहीं गहरी खुदाई होने से धीरे–धीरे एक बड़ा क्षेत्र नाले का रूप लेता जा रहा है। जो बरसात में लोगों के लिए मुसीबत बन सकता है। इस मामले में खनन अधिकारी शालिनी कुमारी कहना है कि इन मामलों की लगातार मानिटरिंग की जा रही है। उच्चाधिकारियों को भी लगातार जानकारी दी जा रही है, इस मामले को चेक कर कार्रवाई की जाएगी।

### अराजक तत्वों ने संत रविदास की प्रतिमा तोड़ी

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अराजक तत्वों ने संत रविदास की प्रतिमा तोड़कर उसे चैराहे पर फेंक दिया। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। माहौल बिगड़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच–पड़ताल की लेकिन अराजक तत्व का कोई सुराग नहीं मिला। ग्राम प्रधान ने तहरीर दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के कोल्हौरा गांव का है। ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि गांव के मदनलाल अपने घर पर महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर सहित तमाम महापुरुषों की मूर्तियां बनाकर बिक्री करते हैं। अधबनी मूर्तियां उनके घर के बाहर रखी रहती हैं। बीती रात किसी अराजक तत्व ने संत रविदास की प्रतिमा की गर्दन तोड़कर उसे कोल्हौरा– पैलाकीसा गांव जाने वाले मार्ग पर फेंक दिया। सुबह ग्रामीणों ने जब संत रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो वह आक्रोशित होने लगे। धीरे–धीरे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल की, लेकिन अराजक तत्व का कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है। गांव में शांति–व्यवस्था कायम है।

**अनदेखी** आवास समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं दर्जनों गरीब परिवार, योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# ग्राम पंचायत महादेवा में नहीं घूम सका विकास का पहिया

मौजीराम यादव, नवाबगंज, गोंडा


चंदा देवी।


शोभा देवी।


उर्मिला देवी।


गौरा देवी।

**अमृत विचार:** घर में ठंडे चूल्हे पर अगर खाली पतीली है, बताओ कैसे लिख दूं धूप फागुन की नशीली है। गोंडा के जन कवि रामनाथ सिंह अदम की ये रचनाएं आज भी गरीब गुरबों की आवाज को रह-रहकर उठाती प्रतीत होती हैं। बाढ़, गर्मी, और ठंड के दिनों में सरयू की कछार पर बसे गरीबों को एक छत भी मयस्सर नहीं है। आवास योजना का लाभ कमीशन पर आवंटित होता है लेकिन छप्पर में जीवन गुजार रहे गरीबों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। विखं नवाबगंज क्षेत्र के ग्रापं महादेवा के गरीबों को आजादी के 76 वर्ष बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना बेमानी साबित हो रही है। आवास योजना की सूची में शामिल होने के बाद भी इसका लाभ न मिलना सांसद विधायक और सरकारी महकमों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

ग्राम पंचायत महादेवा में छोटका भरपुरवा, भदई पुरवा, बड़का भरपुरवा, शुकुल पुरवा, तिवारी पुरवा आदि कुल मिलाकर 11 पुरवे हैं। यहां की कुल आबादी करीब 2800 के आसपास है। 1400 मतदाता सूची में शामिल हैं। छोटका भरपुरवा की कुल आबादी करीब तीन सौ के आसपास है। ग्राम प्रधान ने बताया कि पहले यहां के 190 गरीब परिवारों को आवास योजना की सूची में शामिल किया गया था। जिनमें से आठ परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाया गया है। दो साल बाद भी दो गरीब पात्र परिवार अभी भी प्रतीक्षा सूची में चल रहे हैं। छोटका भरपुरवा की चंदा देवी ने बताया कि 2020 में आवास योजना सूची में शामिल किया गया था। शोभा ने बताया कि अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उर्मिला देवी ने कहा कि चुनाव के समय सिर्फ वादे ही किए जाते हैं। गौरा देवी पत्नी गोरेलाल ने कहा पूरी जिंदगी छप्पर से टपकते पानी में गुजार दी। पक्के मकान में रहने की उम्मीद टूट चुकी है। मोदी सरकार के दिशा-निर्देश का सांसद विधायक और जिम्मेदार अधिकारी पालन नहीं कर रहे हैं। नहीं तो अब तक हम गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल गया होता।

### सर्वे कार्य ठप होने से नहीं मिल रहा गरीबों को आवास

ग्राम प्रधान शोभाराम ने कहा कि सर्वे कार्य बंद होने से गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रधानी के तीन वर्ष पूरे होने वाले है। पुराने सर्वे पर केवल छ: आवास दिया गया है। नये आवास सर्वे को लेकर कई बार अधिकारियों से कहा गया है। लेकिन सर्वे कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिससे गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# नाबालिग को मां व बेटी ने किया अगवा

**परसपुर, अमृत विचार:** मां बेटी ने मिलकर एक नाबालिग को अगवा कर लिया। इसकी शिकायत नाबालिग के पिता ने पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 16 वर्षीया लड़की को उसके गांव निवासी एक युवती ने अपनी मां के साथ मिलकर ही लेकर चली गई है। काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं पता न चल सका। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि अगवा लड़की के पिता की तहरीर पर सोनम निषाद व उसकी मां पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

